आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

RNI NO.CHHIN/2012/41806 बिलासपुर, शनिवार 18 दिसंबर 2021, कृष्ण पक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-300 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

विवाह के मामले में अब लड़कियों के लिए भी लड़को के समान 21 वर्ष की आयु तय की जा रही है। निश्चित रूप से सरकार का यह निर्णय स्वागत योग्य है। देश की बेटियों को भी अब अपनी शिक्षा पूरी करने और आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलेगा। सरकार के इस महत्वपूर्ण फैसले का रूढ़िवादी लोग विरोध कर रहे है। समाजवादी पार्टी के एक नेता ने इसकी जमकर मुखालफत की है। हो सकता है कि कल को कोई टिकैत टाईप आंदोलनजीवी इस फैसले के खिलाफ आंदोलन छेड़ दें। सरकार को ऐसे किसी भी विरोध के सामने घुटने नहीं टेकने चाहिए और इस कानून को हर हाल में लागू करना चाहिए।

सूर्योदय

उदय : 7.11 प्रातः

अस्त : 5:22 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,913,991,789

भारत : 1,400,161,550

बाजार

सेंसेक्स : 57,011.74

निफ्टी : 16,985.20

गोल्ड : 47,850 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 62,300 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 5.11 प्रति नग

दिवस

अंतरराष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस : अंतरराष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस विश्वभर में प्रत्येक वर्ष 18 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिवस प्रति वर्ष 18 दिसंबर 1992 से सयुंक्त राष्ट्र संघ द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा, राष्ट्र निर्माण में योगदान के रूप में चिह्नित कर अल्पसंख्यकों के क्षेत्र विशेष में ही उनकी भाषा, जाति, धर्म, संस्कृति, परंपरा आदि की सुरक्षा को सुनिश्चित करने हेतु मनाया जाता है।

आशियानें का सपना देख रहे आमजन व निवेशक कृपया ध्यान दें...

छोटे-बड़े सबको साधने की जुगत में रियल एस्टेट कारोबारी

विकास श्रीवास्तव

रायपुर/नवप्रदेश । रियल एस्टेट कारोबारियों ने छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों में अपनी गहरी पैठ बना रखी है। एजेंसियों के जरिए विज्ञापन के खेल से छोटे-बड़े सबको साधकर अपना काम निकाल रहे हैं। सबसे अहम बात यह है कि नामी जनप्रतिनिधियों के चेहरों को दिखाकर भरोसे का बिगुल फूंका जाता है। इस दौरान गाहे-बगाहे राज्य सरकार भी इनके साथ खड़ी दिखाई दे जाती है। प्रशासन को साधने के लिए हरसंभव तरीके अपनाए जाते रहे हैं। कह सकते हैं कि शासन को ही चूना लगाने में अधिकांश रियल एस्टेट कारोबारियों को मानों महारत हासिल है। स्वागत विहार जैसे कई मामले कुछ इसी तरह की कहानी बयां करते हैं।

बहरहाल वर्तमान में इसे तथ्यामक रूप से कुछ इस तरह समझ सकते हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वालफोर्ट की बानगी

जैसा की हम पहले बता चुके हैं कि कुछ प्रोजेक्ट को लेकर हम अपनी पड़ताल कर रहे हैं। इसमें वालफोर्ट प्रापर्टीज प्राइवेट लिमिटेड को लेकर कुछ जानकारियां मिली हैं। इनके लगभग दर्जन भर से अधिक प्रोजेक्ट अकेले राजधानी रायपुर में हैं। इसमें प्लाट, फ्लैट के अलावा बिलाज भी बताए जाते हैं। इनके प्रोजेक्ट कमल विहार, भाटागांव, न्यू राजेन्द्र नगर, सरोना, अमलेश्वर, कांदुल, दलदल सिवनी क्षेत्रों में हैं। राजधानी रायपुर की भौगोलिक व ज्यामितीय लिहाज से यह कैसे अहम हैं। यह जानना जरूरी है। प्लाट को लेकर इनके रेट और उस क्षेत्र में सरकारी जमीन के रेट्स क्या हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

क्रेडाई के कारनामें

कन्फ्रेडरेशन आफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन आफ इण्डिया (क्रेडाई) के कारनामों की सूची लंबी हो सकती है। फिलहाल हम बता रहे हैं कि इनकी तरफ से निवेशकों को दी जा रही जानकारियों में कितना विरोधाभाष है। चंद दिनों पहले ही राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में प्रापर्टी एक्सपो का आयोजन किया गया। इसमें बताया गया कि 40 प्लस बिल्डर्स इस एक्सपो में भाग ले रहे हैं। वहीं क्रेडाई छत्तीसगढ़ की बेवसाइट में सदस्यों की संख्या 188 बताई जाती है। आशय यह है कि इतनी बड़ी संख्या में सदस्य होने के बाद भी एक्सपो में केवल 40 से अधिक बिल्डर्स ही भाग लेते हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

काशी का विकास पूरे देश के लिए रोडमैप : मोदी

फ्लाईओवर बनाने से नहीं खत्म होगी ट्रैफिक की समस्याः पीएम नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली (ए.)। काशी का विकास पूरे देश के लिए एक रोडमैप हो सकता है। वाराणसी में जिस तरह से विकास के काम हुए हैं, उससे एक उदाहरण पेश हुआ है कि कैसे स्थानीय स्किल और उत्पादों को एक पहचान दी जा सकती है। ऑल इंडिया मेयर्स कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने यह बात कही है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं शहरी विकास मंत्रालय का धन्यवाद देता हूं कि इतने अद्भुत विकास कार्यों के लिए उन्होंने वाराणसी को चुना। उन्होंने कहा कि हमारे ज्यादातर शहर परंपरागत हैं और उसी को ध्यान में रखते हुए शहरों का विकास किया जाना चाहिए। हम इन स्थानों से समझ सकते हैं कि कैसे लोकल स्किल और उत्पादों को शहर की पहचान बनाया जा सकता है।

इसके साथ ही शहरों में ट्रैफिक की समस्या से निपटने पर भी पीएम मोदी ने सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि शहरों में फ्लाईओवर की संख्या बढ़ाते जाना यातायात की समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। सुगम यातायात का एकमात्र उपाय सार्वजनिक यातायात ही है, इसे बढ़ावा देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अपने शहर की किसी मशहूर वस्तु की ब्रांडिंग के नवोन्मेषी उपाय करें। जिससे उस वस्तु को देश दुनिया तक पहुंचाया जा सके। यह छोटी पहल आर्थिक उन्नति का साधन बन सकेगा। पीएम मोदी ने कहा कि शहरों के विकास के लिए लोगों को भी शामिल करना जरूरी है। उन्होंने कहा, 'लोगों की भागीदारी जितनी अधिक होगी, शहरों के लिए उतना ही बेहतर होगा।'

इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने लोगों से एलईडी बल्बों के इस्तेमाल की भी अपील की।

यूपी में 200 जातीय सम्मेलन करेगी भाजपा

नई दिल्ली/ लखनऊ। भले ही आज के दौर में राजनीतिक समीकरण जाति से परे मुद्दों पर आधारित होने की बात कही जाती है, लेकिन जमीन पर ऐसा नहीं दिखता। यूपी के चुनाव को ही लें तो यहां सपा, बसपा और भाजपा की ओर से जाति आधारित सम्मेलन बड़ी संख्या में किए जा रहे हैं। सत्ताधारी दल भाजपा की ही बात करें तो उसने जातिगत समीकरणों को साधने के लिए राज्य में 200 जातीय सम्मेलन करने का फैसला लिया है। ऐसी ही एक निषाद पार्टी की रैली में खुद अमित शाह शुक्रवार को लखनऊ पहुंचे हैं। निषाद अथवा मल्लाह बिरादरी के वोट यूपी के कुछ जिलों में बड़ी संख्या में हैं और भाजपा गैर-यादव ओबीसी और गैर-जाटव ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मायावती के कोर वोट बैंक में बड़ी सेंधमारी की तैयारी

भाजपा ने मायावती के कोर वोट बैंक कहे वाली जाटव बिरादरी में भी सेंध की रणनीति अपनाई है। उत्तराखंड की राज्यपाल रहीं बेबी रानी मौर्य को उन्होंने इसके लिए उतारा है। यूपी की दलित बिरादरियों में आधे से ज्यादा वोट जाटव समुदाय के ही हैं। भाजपा के दलित वोटों के पीछे जाने की एक वजह यह भी है कि ब्राह्मणों के गुस्से की बात कही जा रही है। इसके अलावा कुछ अन्य ओबीसी बिरादरियां जिन्हें सपा लुभाने की कोशिश में जुटी है। सवर्णों में ब्राह्मणों की संख्या सबसे ज्यादा है। इसके अलावा किसान आंदोलन के बाद से जाटों के भी काफी हद तक भाजपा से छिटकने की बातें की जा रही हैं।

ममता सरकार को सुको से झटका

पेगासस मामले में जांच कमेटी पर रोक, नोटिस भी जारी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पेगासस जासूसी विवाद की जांच के लिए पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से नियुक्त आयोग पर रोक लगा दी है। आपको बता दें कि पश्चिम बंगाल सरकार ने पूर्व न्यायाधीश मदन बी. लोकुर के नेतृत्व में नियुक्त आयोग का गठन किया था।

ममता ने आयोग के गठन पर कहा था, 'पेगासस के जरिए हर कोई न्यायपालिका से लेकर नागरिकों तक सभी को सर्विलांस में रखा गया। हमें उम्मीद थी कि संसद के दौरान केंद्र सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में मामले की जांच करेगा लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। पश्चिम बंगाल जांच आयोग शुरू करने वाला पहला राज्य है।'

सुप्रीम कोर्ट ने गठित की है कमेटीः इससे पहले अक्टूबर महीने के अंतिम सप्ताह में सुप्रीम कोर्ट ने पेगासस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करके अनाधृकित जासूसी के आरोपों की जांच करने के लिए एक समिति नियुक्त कर दी थी। तकनीकी विशेषज्ञों की यह समिति अदालत की निगरानी में काम करेगी। यह आदेश सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों वाली एक पीठ ने दिया, जिसमें मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना, जस्टिस सूर्या कांत और जस्टिस हीमा कोहली शामिल थे।

तीन साल पूरे होने पर दूधाधारी मठ पहुंचे सीएम भूपेश बघेल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के आज तीन साल पूरे हो गए हैं। भूपेश बघेल 17 दिसंबर 2018 को मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला जिसे 36 महीने हो चुके हैं। इस अवसर पर सीएम विभिन्न धार्मिक स्थल पहुंचे और संतो का आशीर्वाद लिया।

इसी कड़ी में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शुक्रवार को राजधानी रायपुर स्थित दूधाधारी मठ पहुंचे और यहां पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री मठ में स्थित ने राम पांचाल मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। मंदिर में भगवान राम अपने तीनो भाइयों एवं माता सीता के साथ विराजमान हैं। मुख्यमंत्री बघेल गौ पूजन में भी शामिल हुए। उन्होंने गौ माता को माला पहना कर चारा खिलाया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत डॉ.रामसुन्दर दास, कोटमीसोनार महामंडलेश्वर सर्वेश्वर दास, रतनपुर महामंडलेश्वर दिव्यकान्त दास एवं मठ के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

महंत राम सुन्दर दास ने मुख्यमंत्री बघेल को शिवरीनारायण मंदिर से लाये गए कृष्णवट भेंट किया। ऐसी मान्यता है कि भगवान श्रीराम ने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान इसी वट वृक्ष के पत्तों से बने दोने में माता शबरी द्वारा भेंट किये गए बेर खाये थे।

सीएम भूपेश ने इस दौरान मीडिया से चर्चा में कहा कि कांग्रेस शासन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीडीएस चौपर क्रैश की जांच : 2 सप्ताह में आ सकती है रिपोर्ट

नई दिल्ली। कुन्नूर विमान हादसे में सीडीएस जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत और 12 सैन्य अफसरों की मौत की जांच जल्द ही पूरी की जा सकती है। सरकार के सूत्रों का कहना है कि दो सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपी जा सकती है। तमिलनाडु के कुन्नूर विमान हादसे की जांच भारतीय वायुसेना अधिकारी और देश के सबसे अच्छे पायलटों में एक एयर मार्शल मानवेंद्र सिंह के नेतृत्व में हो रही है।

सपा, बसपा और कांग्रेस ने सालों तक नहीं बनने दिया राम मंदिर : शाह

लखनऊ (ए.)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने श्रीराम के नारे के साथ संबोधन शुरू किया। आज की सभा राम भक्तों की महासभा है।उन्होंने कहा कि आज रमाबाई मैदान राम भक्तों का जमावड़ा है। उन्होंने सवाल किया श्रीराम को तिरपाल किसने रखा। अमित शाह ने कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस ने सालों तक राम मंदिर नहीं बनने दिया। शाह ने उत्तर प्रदेश में विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और कांग्रेस पर दलित, पिछड़े और अन्य समुदायों के बीच जाति के नाम पर समाज ■ शेष पृष्ठ 6 पर

'तीसरे दर्जे का वकील' कहने पर पत्रकार को एक महीने की जेल

नई दिल्ली। एक वकील को तीसरे दर्जे का बताना एक पत्रकार को भारी पड़ गया है और इस गलती के लिए उसे एक महीने जेल की सजा भुगतनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने मानहानि का दोषी पाए गए पत्रकार की याचिका को खारिज कर दिया है। उसे एक महीने की कैद की सजा सुनाई है। रिपोर्ट के मुताबिक, याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सूर्य कांत ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाई और कहा, ''आपने किसी को 'तीसरे दर्जे का वकील' कहा। आप इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करते हो और दावा करते हो कि तुम पत्रकार हो।'' चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) की अगुआई वाली बेंच में शामिल जस्टिस हिमा कोहली ने कहा, ''अपने लेख की भाषा देखो।'' सजा को 'उदार' बताते हुए सीजेआई ने कहा, ''यह पीत पत्रकारिता है।

योगी की तर्ज पर नुकसान वसूली करेंगे शिवराज

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने सूबे में हिंसा और दंगाइयों पर लगाम कसने के लिए बड़े फैसले लिए थे। सीएम योगी ने दंगों और हिंसा के दौरान हुए नुकसान की भरपाई दंगाइयों की संपत्ति से करने का कानून बनाया था। अब मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार भी उसी राह पर चल रही है। मध्य प्रदेश में भी अब आंदोलन, बंद, धरना, प्रदर्शन या दंगों के दौरान किसी सरकारी या निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचता है तो उसकी वसूली की जाएगी। इसके लिए ट्रिब्यूनल का गठन किया जाएगा जो नुकसान की वसूली के आदेश पारित करेगा। गुरुवार को शिवराज कैबिनेट ने इस बारे में फैसला किया।

छात्रों पर आ गिरी बाथरूम की छत, 3 की मौत, 3 घायल

नई दिल्ली। तमिलनाडु में एक बड़ा हादसा हो गया है। इस हादसे में तीन छात्रों की मौत हो गई है और 3 अन्य छात्र घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक यहां एक स्कूल के बाथरूम की छत अचानक ढह कर छात्रों पर जा गिरी। जिसके बाद तीन छात्र इसकी चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दर्दनाक हादसा तिरुनुवेल्ली जिले के एक निजी स्कूल में हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह सभी छात्र Schaffter Higher Secondary school के छात्र थे। सभी छात्र आठवीं कक्षा में पढ़ाई करते थे।

एमएसपी का मुद्दा अभी भी लंबित

■ **टिकैत ने सरकार की मंशा और नीतियों पर फिर उठाए सवाल**

नई दिल्ली (ए.)। किसान नेता राकेश टिकैत ने गुरुवार को मुजफ्फरनगर में कहा कि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का बड़ा मुद्दा लंबित है।उन्होंने केंद्र सरकार की मंशा और नीतियों पर भी सवाल उठाया। भारतीय किसान संघ (बीकेयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने दिल्ली की सीमा पर गाजीपुर में 383 दिनों के विरोध के बाद घर लौटने पर केंद्र पर अपना हमला जारी रखा।

आपको बता दें कि संसद के द्वारा दिल्ली की सीमाओं और देश के कुछ अन्य हिस्सों में किसानों के निरंतर विरोध के बीच तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को निरस्त कर दिया गया था। बीकेयू किसान सामूहिक संयुक्त किसान मोर्चा का एक हिस्सा है, जिसने नवंबर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दिल्ली में फिर ओमिक्रॉन का विस्फोट

■ **10 नए केस मिले, देश भर में कुल मामले बढ़कर 97 हुए**



नई दिल्ली। दिल्ली में कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट का विस्फोट हुआ है। शुक्रवार को राजधानी में ओमिक्रॉन वैरिएंट के 10 नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही दिल्ली में ओमिक्रॉन के संक्रमण के कुल मामले बढ़कर 20 हो गए हैं। इसके साथ ही देश में ओमिक्रॉन वैरिएंट के कुल केस 100 के करीब (97) पहुंच गए हैं। इससे पहले गुरुवार को देश भर में ओमिक्रॉन वैरिएंट के 14 केस पाए गए थे। इनमें से 5 मामले कर्नाटक मिले थे, जबकि 4-4 केस दिल्ली और तेलंगाना में पाए गए थे। 1 नया केस गुजरात में पाया गया है। हालांकि राहत की बात यह है कि इनमें से 10 लोग फिलहाल डिस्चार्ज हो गए हैं। इस तरह देखें तो राजधानी में ओमिक्रॉन वैरिएंट के ऐक्टिव केसों की संख्या फिलहाल 10 ही है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने नए केसों के मिलने की जानकारी दी है।

सम्मान... **क्राइम और क्रिमिनल ट्रैकिंग में देश में दूसरे नंबर पर ओडिशा नंबर वन**

अपराध नियंत्रण पर मिला छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय पुरस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ को क्राइम कंट्रोल के मामले में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बेहतर काम करने के लिए अवॉर्ड मिला है। शुक्रवार को इसका आधिकारिक ऐलान राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने किया। ब्यूरो की तरफ से कहा गया है कि क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम और इंटर-ऑप्रेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम के मामले में छत्तीसगढ़ ने बेहतर काम करते हुए दूसरी पोजिशन हासिल की है। यूपी भी दूसरे स्थान पर है। पहले नंबर पर ओडिशा और तीसरे नंबर पर मध्यप्रदेश है।

राज्यपाल उइके ने दी बधाई

राज्यपाल अनुसुइया उइके ने इस मौके पर सोशल मीडिया के जरिए अपना बधाई संदेश जारी किया है। राज्यपाल की तरफ से कहा गया कि गृह मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ को क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क और इंटर-ऑप्रेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया जाना हम सभी के लिए प्रसन्नता का विषय है। छत्तीसगढ़ पुलिस को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

3 साल का सफर पूरा करने पर सुखद सूचना मिली : सीएम भूपेश

सीएम भूपेश बघेल ने कहा- आज जब हम नवा छत्तीसगढ़ की 3 वर्ष की यात्रा पूर्ण कर रहे हैं, इसी समय एक और सुखद सूचना मिली है। भारत सरकार की तरफ से गृह मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ को सीसीटीएनएस और आईसीजेएस के बेहतर क्रियान्वयन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार की घोषणा की है। यह पुरस्कार क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम और इंटर-ऑप्रेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में बेहतर कार्य के लिए प्रदान किया गया है।

इस तरह से काम करने पर मिला ये अवॉर्ड

इस सिस्टम के तहत पुलिस और पुलिस के काम काज को डिजिटली अपग्रेड किया गया है। एफआईआर की ऑनलाइन जानकारी, केस का जल्दी निपटारा करना, क्रिमिनल रिकॉर्ड्स अपग्रेड रखना। एफ आईआर होने के बाद कितने कम समय में कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकडऩा, जैसी बातों को ध्यान में रखा जाता है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने इसके लिए सीजी कॉप नाम का मोबाइल एप बना रखा है, जिसमें लोगों को एक क्लिक में एफआईआर, थानेदारों के नंबर वगैरह मिलते हैं।

शिनजियांग निर्मित प्रोडक्ट्स पर प्रतिबंध को लेकर भड़का चीन

बीजिंग (ए.)। चीन ने कहा है कि वह अपने इंस्टीट्यूशंस और एंटरप्राइज की सुरक्षा के लिए हर संभव कोशिश करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि अमेरिका को किसी भी तरह से चीन पर धब्बा लगाने का कोई अधिकार नहीं है। चीन ने यह बात तब कही है जब अमेरिका ने शिनजियांग को लेकर एक प्रस्ताव पारित किया है। इसके तहत शिनजियांग निर्मित प्रोडक्ट्स के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया जाएगा।

कहा- ट्रेड नियमों की धज्जियां उड़ा रहा यूएस

न्यूज गैलरी

दो दिवसीय राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू, विधायक एवं महापौर ने किया शुभारंभ

दुर्ग (नव प्रदेश)। दो दिवसीय राज्य स्तरीय पीएमएचएम प्रीमियर लीग - 2021 क्रिकेट प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ आज पद्मनाभपुर मिनी स्टेडियम के खेल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ दुर्ग शहर विधायक अरुण वोरा और महापौर धीरज बाकलीवाल, बिजेन्द्र भारद्वाज, पूर्व पार्षद एवं एल्डरमैन राजेश शर्मा के साथ खिलाड़ियों को शपथ दिलाकर कार्यक्रम के विधिवत उद्घाटन किया। राज्य स्तरीय में पहली बार डॉक्टरों का क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता पद्मनाभपुर मिनी स्टेडियम को चुना गया। खिलाड़ी प्रदेश के बिलासपुर,बलौदाबाजार,पाटन समेत अन्य जगहों से टीम पहुचे है। टूनामेंट प्रतियोगोता 20 दिसम्बर को समापन किया जाएगा। कोरोना काल को देखते हुए बहुत दिनों बाद कोरोना के बंदिश से छुटकारा मिलते ही डॉक्टरों ने खेल के प्रति लोगो को जागरूक किया। विधायक अरुण वोरा और महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि आज डॉक्टरों ने खेलों में अपनी भागीदारी निभाएं। खेल प्रतियोगिताओं में जीत के लिए प्रतिस्पर्धा करें, स्वस्थ्य प्रतियोगिता के लिए जरूरी है कि खिलाड़ी खेल भावना को प्राथमिकता दें।

शासन के 3 वर्ष पूरे होने के अवसर पर राजेंद्र पार्क में लगाई गई प्रदर्शनी

दुर्ग (नव प्रदेश)। शासन के 3 वर्ष पूरे होने के मौके पर जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा दुर्ग के राजेंद्र पार्क में प्रदर्शनी लगाई गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस मौके पर अपने संबोधन में श्री साहू ने कहा कि शासन ने 3 वर्षों में अनेक उपलब्धियां हासिल की है, हमने जो वायदे किए थे, उनमें से अधिकांश वायदे पूरे किए। चाहे कर्ज माफी का निर्णय हो या किसानों के फसल का उचित मूल्य देने का निर्णय हो अथवा अधोसंरचना की बेहतरी का मसला हो, हर क्षेत्र में शासन ने जन सरोकार को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि नागरिक सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। गोधन न्याय योजना एवं अन्य योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने का कार्य किया गया है। इस मौके पर विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अपने संबोधन में श्री वोरा ने कहा कि जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में शासन की महत्वपूर्ण उपलब्धियां शामिल की गई हैं। इन सालों में अनेक कार्य हुए हैं, जिनमें चुनिंदा की झलक यहां पर दिखाई गई है। प्रदर्शनी निश्चित रूप से लोगों के लिए उपयोगी होगी। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी के साथ ही लोगों को प्रचार सामग्री भी वितरित की जा रही है। शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। यह निश्चित रूप से लोगों की जागरूकता बढ़ाने में मदद करेगी। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि प्रदर्शनी निश्चित रूप से लोगों के लिए उपयोगी होगी। इसके माध्यम से अधिकाधिक लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मिल सकेगी। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। लोगों ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बहुत अच्छे कार्य किए गए हैं, जिसे बहुत सुंदर तरीके से दिखाया गया है। इस मौके पर पूर्व महापौर आरएन वर्मा ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर पद्मिनी भोई, एसडीएम विनय पोयाम, सौरभ शर्मा जनसंपर्क अधिकारी, आर नटेश, प्रदीप सिंह कंवर, हेमलाल प्रभाकर एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

विकास के वादे के साथ हमने उम्मीदों के दस्तावेज को तैयार किया है- कौशिक

नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने जारी किया रिसाली नगरीय निकाय का घोषणा पत्र

- हर वार्ड के विकास की जिम्मेदारी हमारी : कौशिक
- नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने किया कई वार्डों में जनसंपर्क
- प्रदेश प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी की होगी सभा

नव प्रदेश संवाददाता

> नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने रिसाली के कई वार्डो जनसंपर्क अभियान में हिस्सा लिया। उन्होंने भाजपा के पार्षद उम्मीदवारों को समर्थन देने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि रिसाली नगरीय निकाय चुनाव में हम ने भाजपा को जनता के समक्ष एक मजबूत विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया है।कांग्रेस ने रिसाली की जनता को छला है।

भिलाई। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने रिसाली चुनाव कार्यालय में भाजपा का घोषणा पत्र जारी किया। इस दौरान कहा कि समग्र विकास के संकल्प के साथ भाजपा का उम्मीदवार मैदान पर है। हमें जनता का व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। हम रिसाली के समग्र विकास के लिये हमने उम्मीदों के दस्तावेज को तैयार किया है। उन्होंने कहा कि रिसाली की जनता को कांग्रेस ने छला है। अब वक्त कांग्रेस को करारा जवाब देना का है। हमने जो दस्तावेज तैयार किया है। उसमें जनता के उम्मीदों मुताबिक रिसाली के विकास पर बल दिया गया है। इस दौरान प्रदेश महामंत्री किरण देव, पूर्व मंत्री श्रीमती रमशीला साहू, पूर्व विधायक जागेश्वर साहू, जिला भाजपा संगठन प्रभारी पूरंदर मिश्रा, श्रीमती माया बलेचंदन, जिला महामंत्री ललित चंद्राकर सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने रिसाली के कई वार्डो जनसंपर्क अभियान में हिस्सा लिया। उन्होंने भाजपा के पार्षद उम्मीदवारों को समर्थन देने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि रिसाली नगरीय निकाय चुनाव में हम ने भाजपा को जनता के समक्ष एक मजबूत विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया है।कांग्रेस ने रिसाली की जनता को छला है।नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने कहा कि विकास की नयी तस्वीर के लिये भाजपा को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। इस दौरान उन्होंने 39,40 सहित कई वार्डो का दौरा किया।

भाजपा की राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में श्रीराम चौक खुर्सीपार व बैकुंठधाम कैंप में सभा को संबोधित करेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक श्रीराम चौक में दोपहर तीन बजे व बैकुंठधाम को शाम छह बजे सभा में शामिल होंगी। इस दौरान भाजपा प्रदेश सह प्रभारी व मंत्री नितिन नबीन, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदेव साय, सांसद विजय बघेल,सांसद संतोष पांडेय, पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांड़ेय, विधायक विद्यारतन भसीन, पर्व विधायक संतोष बाफना सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे।

बीएसपी के ईडीडी के कार्मिकों ने दिखाया इंजीनियरिंग कौशल

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के इंजीनियरों और तकनीशियनों ने जहां भारत सरकार के ÷मेक इन इंडिया÷ के मुहिम को मजबूती प्रदान करने के लिए अनेक तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया है वहीं अपने इंजीनियरिंग हुनर से आयात-प्रतिस्थापन को विकसित करने में भी अहम भूमिका निभायी है। इसी क्रम में बीएसपी के इंजीनियरिंग डिजाइन व ड्राइंग डिपार्टमेंट (ईडीडी) के इंजीनियरों व तकनीशियनों ने रिवर्स इंजीनियरिंग का प्रयोग करते हुए बीएसपी के अत्याधुनिक ब्लास्ट फर्नेस-8 (महामाया) में प्रयुक्त टारपीडो लैडल के ÷प्लेनेटरी गियर बॉक्स÷ के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया है। भिलाई इस्पात संयंत्र के नवीन धमन भट्ठी-8 ÷महामाया÷ में लगभग सभी उपकरण व संरचनायें नवीनतम तकनीक पर आधारित है। इसी क्रम में धमन भट्ठी से प्राप्त ÷हॉट मैटल÷ को स्टील मेल्टिंग शॉप-3 तक पहुंचाने हेतु नवीन तकनीक से परिपूर्ण तथा अधिक क्षमता वाले ÷टारपिडो लैडल÷ का प्रयोग किया जा रहा है। इन टारपिडो लैडल जो कि एक कैपसुल के आकृति के होते है को नियंत्रित करने हेतु एक अत्यंत ही जटिल तथा सटीक उपकरण प्रयोग किया गया है जो कि तकनीकी तौर पर ÷प्लेनेटरी गियर बॉक्स÷ के नाम से जाना जाता है तथा मुख्य तौर पर यह 2000 आरपीएम की गति को 1 आरपीएम में परिवर्तित करता है। वर्तमान में यह उपकरण आवश्यकता पड़ने पर विदेश से आयात किया जाता है। भारत सरकार के द्वारा मेक इन इंडिया ड्राइव चलाने व चीन से आयात को कम करने के आह्वान के उपरांत महामाया धमन भट्ठी द्वारा इस उपकरण के डिजाइन तथा ड्राइंग को तैयार करने की जिम्मेदारी इंजीनियरिंग डिजाइन ड्राइंग विभाग को दिया गया। ईडीडी विभाग ने इस चुनौतीपूर्ण कार्य को स्वीकार करते हुए अपने योग्यतम टीम को रिवर्स इंजीनियरिंग का प्रयोग करते हुए इस ÷प्लेनेटरी गियर बॉक्स÷ को तैयार करने का दायित्व सौंपा।

शहर को मिली 213 लाख के विकास कार्यों की सौगात

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। दुर्ग नगर निगम में दशकों पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। नगर निगम दुर्ग के 60 वार्डो के पार्षद सहित नेता प्रतिपक्ष के लिए भी बैठने का स्थान सुनिश्चित करने कमरे बनवाने की मांग वर्षो से की जा रही थी किन्तु अब तक इस दिशा में कोई पहल नहीं कि गई। शुक्रवार को प्रदेश में कांग्रेस सरकार के गठन के 3 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने बहुप्रतीक्षित निगम परिसर में एमआईसी भवन के ऊपर 65 लाख की लागत से सामान्य सभागार एवं वार्ड 16 सिकोला भाठा में 71 लाख एवं 77 लाख की दो बड़ी आरसीसी नालियों समेत 213 लाख के विकास कार्यों की सौगात दी। इस अवसर पर विधायक वोरा ने कहा कि नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सहित अन्य पार्षदों के बैठने के लिए कक्ष निर्माण की मांग 20 वर्षो से की जा रही थी किन्तु भाजपा शासन काल मे लगातार मांग की उपेक्षा की गई अब कांग्रेस की समदर्शी सरकार आने के बाद बिना किसी भेदभाव के निगम परिसर में ही जनता की समस्या का एक छत के नीचे निराकरण करने एमआईसी भवन के ऊपर सभागार एवं कक्षों का निर्माण कराया जा रहा है जिससे आम जन अपने चुने हुए पार्षदों से परिसर में ही मिल कर अपनी समस्याओं का निराकरण करवा सकें। महापौर धीरज बाकलीवाल ने अधिकारियों को सभी कार्यों को समय सीमा पर एवं गुणवत्ता युक्त अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान सभापति राजेश यादव,लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी, एमआईसी दीपक साहू, संजय कोहले, राजेश शर्मा, खिलावन मटियारा सहित नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी एवं वार्ड के नागरिक मौजूद थे।

निकाय चुनाव में व्यय लेखा की दूसरी सूची भेजी गई

दुर्ग (नव प्रदेश)। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला दुर्ग अन्तर्गत नगर पालिक निगम भिलाई/भिलाई-चरौदा/रिसाली, नगर पालिका परिषद जामुल एवं नगर पंचायत उतई में 20 दिसम्बर 2021 को चुनाव लड़ने 720 वाले पार्षद प्रत्यशियों से उनके द्वारा चुनाव में किए जा रहे खर्चे का दूसरे राऊड का हिसाब, आज जिला स्तरीय नोडल अधिकारी श्री देवेन्द्र चौबे एवं उपसंचालक वित्त विभाग को प्राप्त हो गया। 720 में से भिलाई नगर पालिक निगम के मात्र 8 अभ्यर्थियों द्वारा हिसाब आज जमा नहीं किया जा सका है, जिसे रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमती पद्मिनी भोई, अपर कलेक्टर द्वारा नोटिस जारी कर चुनाव से पूर्व हिसाब व्यय लेखा प्रभारी अधिकारी राजेश परमार सहायक प्रभारी अधिकारी श्री नितेश कुमार साहू, श्री गिरीश निम्बालकर एवं श्री सतीश मेश्राम के पास प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में दौरा किया

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम, केबिनेट मंत्री गुरु रुद्र कुमार, भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, भिलाई विधानसभा के विधायक देवेंद्र यादव, विधायक अरुण वोरा, भुनेश्वर बघेल, कुलदीप जुनेजा, लक्ष्मी ध्रुव ने भिलाई एवं रिसाली नगर निगम चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने के लिए नुक्कड़ सभा आयोजित कर विभिन्न वार्डों में पहुंचकर कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में वोट करने की अपील की

प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि 3 वर्षों में छत्तीसगढ़ राज्य को अपनी वास्तविक छत्तीसगढ़िया पहचान दिलाते हुए, विकास और न्याय के नए प्रतिमान स्थापित किए गए हैं। इसमें हमारे पुरखों ने छत्तीसगढ़ राज्य के लिए जो सपने देखे थे, वो हमारे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूरे किए हैं। उन्होंने कहा कि आज विकास के छत्तीसगढ़ मॉडल की चर्चा पूरे देश और दुनिया में हो रही हैं। जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार ने बिजली बिल हाफ करके शहरी जनता को बहुत बड़ी राहत दी है। शहरी इलाकों में सफाई और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम कांग्रेस की सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने जन घोषणा पत्र के 36 प्रमुख वायदों में से 30 से अधिक वायदों को पूरा कर चुकी हैं और अन्य महत्वपूर्ण वायदों को पूरा करने के लिये कार्यवाहियां शुरू की जा चुकी हैं। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी विकास का पर्याय है।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
मामला क्रमांक /.../....2020-21

ईश्तहार

एत्द द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिसरू यादव पिता/पति सुखदेव यादव निवासी नगपुरा तह. व जिला दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम नगपुरा प.ह.नं.2 में अपने नाम पर स्थिति भूमि खसरा नं. 52, 127, 1882 रकबा 0.1400, 0.1700,0.5300 हे. भूमि भूमिस्वामी हक पर दर्ज है। जिसके राजस्व रिमार्क बी-1 खतौनी पर हल्का पटवारी द्वारा त्रुटिवश अहस्तांतरणीय भूमि दर्ज दर्ज किया गया है। जिसे विलोपित किए जाने आवेदन पेश किया गया है।

अतएव जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वह दिनांक 07/1/2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है।

आज दिनांक दिनांक 15.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा कि साथ जारी किया गया है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

क्र./ प्र.1अति. तह. 2020

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अजय कुमार अग्रवाल आ. शिव कुमार अग्रवाल साकिन करंजा भिलाई ग्राम करंजा भिलाई प.ह.नं.12 रा.नि.मं दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थिति भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 263/3 रकबा 0.08 हे. भू.रा. 262 रू से संबंधित ऋणपुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋणपुस्तिका प्रदाय किए जाने हेतु आवेदन आधार पर प्रकारण विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि द्वितीय प्रतिऋणपुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 31.12.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

आम सूचना

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार (क्रेता) उर्मिला किशोर पति वी.एस किशोर निवासी- वार्ड नं.-10 शंकर नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा विक्रेता कुलवंत कौर पिता दीवान चंद निवासी स्टेशन रोड दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के भूमिस्वामी हक व कब्जे की भूमि वाके मौजा ग्राम दुर्ग (विजय नगर) प.ह.नं. 24 रा.नि.मं दुर्ग तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 1265/1 का टुकड़ा रकबा 0.026 हे. भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना देकर इकरारनामा निष्पादित किया जा चुका है। उक्त भूमि के विक्रय विलेख का पंजीयन निष्पादन होना शेष है। अतएव् जिस किसी भी व्यक्ति संस्था निकाय निगम शासकीय अर्धशासकीय प्राईवेट बैंक आदि को उक्त संबंध में कोई आपत्ति व उजर हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेज अपनी आपित्त मेरे नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करें। अन्यथा मेरा पक्षकार पूर्ण राशि का भुगतान कर अपने पक्ष में बयनामा पंजीयन करवा लेगा। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति शून्य व निष्प्रभावी होगा जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा।

दिनांक - 17/12/21

भवदीय
शकील खान (अधिवक्ता)

आम सूचना

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार (क्रेता) सुरेश शर्मा पिता अवधेश कुमार शर्मा निवासी- गली नं.-1 शंकर नगर दुर्गा चौक वार्ड नं.10 दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा विक्रेता कुलवंत कौर पिता दीवान चंद निवासी स्टेशन रोड दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के भूमिस्वामी हक व कब्जे की भूमि वाके मौजा ग्राम दुर्ग (विजय नगर) प.ह.नं. 24 रा.नि.मं दुर्ग तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 1265/1 का टुकड़ा रकबा 0.026 हे. भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना देकर इकरारनामा निष्पादित किया जा चुका है। उक्त भूमि के विक्रय विलेख का पंजीयन निष्पादन होना शेष है। अतएव् जिस किसी भी व्यक्ति संस्था निकाय निगम शासकीय अर्धशासकीय प्राईवेट बैंक आदि को उक्त संबंध में कोई आपत्ति व उजर हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेज अपनी आपित्त मेरे नीचे लिखे पते पर प्रस्तुत करें। अन्यथा मेरा पक्षकार पूर्ण राशि का भुगतान कर अपने पक्ष में बयनामा पंजीयन करवा लेगा। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति शून्य व निष्प्रभावी होगा जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा।

दिनांक - 17/12/21

भवदीय
शकील खान (अधिवक्ता)

आम सूचना

यह कि मैं अधिकृत अधिवक्ता जय राम भागवानी (जिला न्यायालय दुर्ग) हो फर्स्ट फायनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड शाखा भिलाई (छ.ग.) से प्राप्त अधिकार एवं निर्देशानुसार यह सूचना प्रकाशित करता/करती हूं कि मेरे पक्षकार श्रीमती पुष्पा पाण्डेय पति श्री संतराम पाण्डेय निवासी एम.आई.जी.1 2937 जी.एच.बी.आई/ई भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा दिए गए अधिकार उपरांत विक्रेता सी.जी. ग्रह निर्माण मण्डल रायपुर हाउसिंग बोर्ड छ.ग. क्रेता श्रीमती पुष्पा पाण्डेय पति श्री संतराम पाण्डेय निवासी एम. आई.जी.-1/2937 सी.जी.एच.बी.आई/ई भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. भूमि स्वामी हक की वाके मकान नं. एम.आई.जी.1/ 2937 रकबा 87.67 वर्गमीटर पंजीकृत इकरारनामा दिनांक 19/1/2006 ग्रंथ क्रमांक 15611, पृष्ठ क्रमांक 07 से 16 तक दस्तावेज क्रमांक 2666 बी, का इकरारनामा कहीं गुम हो गया है। उक्त मूल इकरारनामा पेपर का कोई दुरूपयोग न करे इस हेतु इसकी सूचना संबंधित थाने में दर्ज कराई गई है। अतएव आम जनता जो कि उक्त मकान/भूमि के संबंध में किसी प्रकार का स्वत्व स्वामित्व रखता हो तो इस सूचना प्रकाशन के सात दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि अवसर पश्चरत किसी प्रकार की दावा आपत्ति शून्य एवं निष्प्रभावी होगा।

अधिवक्ता
जयराम भागवानी
मो. नं. 9302838684

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला
क्रमांक: 202112101000106/202112101000106
विषयः अ-74 सन्- 2020-2021

मामले की श्रेणी-राजस्व

कोहका प.ह.न. 00019
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - /
पंचशीला धनविजय अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पंचशीला धनविजय प्रति अशोक धनविजय निवासी शांति नगर भिलाई ग्राम कोहका प.ह.नं.-19 रा.नि.मं. कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थिति भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 6484/3, 6484/5 रकबा 0.001, 0.008 हे. भूमि का मूल ऋणपुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋणपुस्तिका प्रदाय किए जाने बाबत न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 10.1.2022 तक या उसकेपूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.12.2021 को जारी किया जाता है।

अति. तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला
क्रमांक: 202112101000110/202112101000110
विषयः अ-27 सन्- 2020-2021

मामले की श्रेणी-राजस्व

खेदामारा प.ह.न. 00016
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - /
आमीर ठाकुर अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आमीर ठाकुर पिता/पति/विभाग स्व. हरिराम ठाकुर पता खेदामारा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम खेदामारा प.ह.नं.-16 रा.नि.मं. जामुल तह. व जिला दुर्ग स्थिति भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नं. 603, 647/9, 640/2, 649/4, 651/2, 926/3, 927/3 कुल रकबा 0.020 हे. भूमि में आवेदक व आवेदकगण के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 30.12.2021 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.12.2021 को जारी किया जाता है।

अति. तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला
क्रमांक: 202111101000140/202111101000140
विषयः अ-6 सन्- 2020-2021

मामले की श्रेणी-राजस्व

कोहका प.ह.न. 00019 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - /
समा बेगम (अन्य-4) अनावेदक पक्षकार -
समीरा खातुन (अन्य-2)

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका समा बेगम जौजे स्व. शकीर अख्तर अन्य 4 निवासी मुड़हीपार जिला राजनांदगांव ग्राम कोहका प.ह.नं.-19 स्थित भूमि खसरा नं. 3309/2, 3309/2 रकबा क्रमशः 0.60, 0.230 हे. भूमि आवेदकगण एवं अनावेदकगण के नाम पर शामिलात खाते में दर्ज है। उपरोक्त वर्णित भूमि को 1/4 हिस्सा आवेदकगण के नाम पर खाता विभाजन किए जाने हेतु धारा 178 छ.ग. भू.रा.संहिता के तहत न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 11.1.2022 तक या उसकेपूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.11.2021 को जारी किया जाता है।

अति. तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

कार्यलय संपदा अधिकारी छ.ग. गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

आम सूचना

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री रमाकान्त वर्मा आ. स्व. लील सिंग वर्मा, निवासी- क्वा. नं. 3/बी, सड़क नं.-9 सेक्टर-10 भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र दुर्ग द्वारा तालपुरी रुआबांधा, भिलाई में स्थित मोंगरा भवन क्रमांक-65 जिला दुर्ग में आबंटित किया गया है। आबंटी श्री रमाकान्त वर्मा द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग से दिनांक 04/07/2015 एवं फ्री होल्ड दिनांक 03/11/2021 अनुसार उक्त भवन बैनाम रजिस्ट्री दिनांक 27/11/21 को श्री लोकेश्वर सिन्हा आ. श्री बालकृष्णा सिन्हा के नाम पर विक्रय कर दिया गया। नवीन क्रेता श्री लोकेश्वर सिन्हा द्वारा पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपना नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया है।

अतः नवीन क्रेता श्री लोकेश्वर सिन्हा के नाम हस्तान्तरण/नामंतरण किया जाता है तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्धशासकीस बैंक वित्तीय निकायों इत्यादी को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। बाद में प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामांतरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 12/12/21 को जारी किया गया है।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202112100400257

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका जानकी वर्मा पति स्व. अनिल कुमार वर्मा निवासी सेक्टर-6 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उपरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 349/10 रकबा 0.020 हें/ 1800 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार बोरी तह. बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अंजुवर्मा पति स्व. नेतराम वर्मा साकिन बागडुमर तह. साजा द्वारा ग्राम तुमाखुर्द प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. बोरी तह. बोरी जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 175/2, 178/2, 203,2, 220/2, 233/2 कुल रकबा 0.47 हे. भू.रा. 3.06 रूपए नेतराम पिता घनश्याम अन्य तीन के नाम पर दर्ज है। लम्बरदार/खातेदार नेतराम की मृत्यु दिनांक 31/01/21 को हो जाने के कारण मृतक खातेदार का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव फौती दर्ज किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार बोरी तह. बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अंजुवर्मा पति स्व. नेतराम वर्मा साकिन बागडुमर तह. साजा द्वारा ग्राम तुमाखुर्द प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. बोरी तह. बोरी जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 175/2, 178/2, 203,2, 220/2, 233/2 कुल रकबा 0.47 हे. भू.रा. 3.06 रूपए नेतराम पिता घनश्याम अन्य तीन के नाम पर दर्ज है। लम्बरदार/खातेदार नेतराम की मृत्यु दिनांक 31/01/21 को हो जाने के कारण मृतक खातेदार का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव फौती दर्ज किए जाने पर जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202112100600062

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका व्ही. गोपम्मा पति व्ही. सोमेश्वर राव निवासी सेक्टर-1 भिलाई तह. व जिला दुर्ग छग के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 701/4 रकबा 0.0278 हें/ 3000 वर्गफीट भूमि ग्राम सिरसाकला प.ह.नं. 2 रा.नि.मं. भिलाई तीन तह. पाटन जिला दुर्ग पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 एवं धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि 30/12/21 तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202112100600061

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका प्रियंका श्रीवास्तव पति नितेश कुमार श्रीवास्तव निवासी श्यामा नगर भिलाई तीन तह. पाटन जिला दुर्ग छग के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 500/8 रकबा 0.0469 हें/ 5054 वर्गफीट भूमि ग्राम उमदा प.ह.नं. 1 रा.नि.मं. भिलाई तीन तह. पाटन जिला दुर्ग पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 एवं धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि 30/12/21 तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202112100600033

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका आभा यादव पति अशोक कुमार यादव निवासी वसुंधरा नगर भिलाई तीन तह. पाटन जिला दुर्ग छग के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 288/8 रकबा 0.013 हें/ 1395 वर्गफीट भूमि ग्राम उमदा प.ह.नं. 1 रा.नि.मं. भिलाई तीन तह. पाटन जिला दुर्ग पर आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 एवं धारा 59 के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि 22/12/21 तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202112100400229

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक राकेश कुमार साकरकर आ. स्व. लक्ष्मण साकरकर निवासी शिवजी नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कातुलबोर्ड प.ह.न. 20 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 9/12 रकबा 0.010 हें/ 1081.5 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 14.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)**

शंकराचार्य स्वामी आत्मानंद सरस्वती ने दिया आशीर्वाद, भूपेश को बताया गौ सेवक

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल के तीन साल पूरे हो गए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कई धार्मिक अनुष्ठानों में पहुंचकर धर्मावलम्बियों से आशीर्वाद लिया है।

इस दौरान सीएम भूपेश बघेल श्री राधे निकुंज आश्रम पहुंचकर शंकराचार्य स्वामी आत्मानंद सरस्वती से आशीर्वाद ग्रहण कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। शंकराचार्य स्वामी आत्मानंद सरस्वती ने मुख्यमंत्री को राजकाज में वृद्धि होने का आशीर्वाद देते हुए कहा कि विगत 6 महीने से वे छत्तीसगढ़ में रामकथा कर रहे हैं। सभी श्रद्धालुओं से कहते हैं कि ऐसा मुख्यमंत्री प्रदेश को नहीं मिलेगा जो गौ माता के गोबर खरीद रहा हो। आज देश भर में सड़कों पर गौ माताएं भटक रही हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ की सड़कों पर गाय नजर नहीं आती है, क्योंकि सरकार के गोबर खरीदी निर्णय के बाद गोपालक अपने गोधन को बाहर नहीं छोड़ते। सरकार जो गोबर खरीद रही है, उससे पशुपालकों और किसानों को मुनाफा हो रहा है जिससे सभी खुश हैं।

शंकराचार्य स्वामी आत्मानंद सरस्वती शुक्रवार को सीएम हाउस भी पहुंचे। शंकराचार्य ने छत्तीसगढ़ राज्य में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा समाज सभी वर्गों के उत्थान विशेषकर गरीबों, ग्रामीणों, किसानों, आदिवासियों, युवाओं एवं महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जमकर सरहाना की। शंकराचार्य स्वामी आत्मानंद सरस्वती ने छत्तीसगढ़ राज्य में गौमाता की सेवा और संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री बघेल द्वारा शुरू की गई गोधन न्याय योजना और गांव में गौठान के निर्माण की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि गौमाता लक्ष्मी स्वरूप है। आपने राज्य में इनकी देखभाल एवं निःशुल्क चारे-पानी का प्रबंध गौठानों में करके सनातन परंपरा को समृद्ध किया है।

शंकराचार्य स्वामी आत्मानंद सरस्वती ने छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में भगवान श्री राम के वनवास की स्मृतियों को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए राम-वन-गमन- पर्यटन परिपथ के निर्माण की भी सराहना की। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार के तीन साल पूर्ण होने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े, चिंतामणि महाराज तथा विधायक लखेश्वर बघेल, बृहस्पति सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

वाराणसी में शामिल हुए महापौर ढेबर

रायपुर/नवप्रदेश। भगवान भोले की नगरी काशी में अखिल भारतीय स्तर का महापौर सम्मेलन की शुरुआत हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वाराणसी में न्यू अर्बन इंडिया सब्जेक्ट पर अखिल भारतीय मेयर सम्मेलन को वर्चुअली (ऑनलाइन) संबोधित किया। इस सम्मेलन में देशभर से 100 से ज्यादा महापौर शामिल हुए। वहीं, 4800 से ज्यादा निकायों के अध्यक्ष और उनके सदस्य वर्चुअल जुड़े।

महापौर के इस महासंगम में रायपुर के महापौर एजाज ढेबर ने भी अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज की और देश के विभिन्न शहरों से आये महापौर एवं उत्तरप्रदेश सरकार के बड़े नेताओं से भी मुलाकात की। महापौर एजाज ढेबर के साथ पार्षद व एमआईसी सदस्य नागभूषण राव और राधेश्याम विभार भी वाराणसी पहुंचे। इस दौरान रायपुर के बदलते स्वरूप और राष्ट्रीय स्तर पर मिले सम्मान को लेकर महापौर की सराहना भी हुई।

इस मेयर सम्मलेन में महापौर एजाज ढेबर ने केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात भी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार केंद्रीय मंत्री हरदीप पूरी ने महापौर एजाज को स्वच्छता सर्वेक्षण में रायपुर के उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर बधाई और बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं भी दी।

न्यूज गैलरी

चावल निर्यात में भारतीय खाद्य निगम को प्राथमिकता दे निर्यातक : कलेक्टर

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर सौरभ कुमार ने जिले के चावल निर्यातकों को निर्देशित किया है कि खरीफ वर्ष 2021-22 में धान उठाव और मिलिंग को गति देने के लिए खुद के चावल निर्यात को भारतीय खाद्य निगम के बाद प्राथमिकता दे। रायपुर जिले के 10 चावल निर्यातकों की समीक्षा बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में खरीफ वर्ष 2021 -22 में खरीदे जाने वाले धान के समिति से उठाव, मिलिंग और भारतीय खाद्य निगम में चावल जमा करने तथा भारतीय खाद्य निगम को जिले से बाहर भेजे जाने की प्रक्रिया में उचित समन्वय एवं सहयोग करे ताकि निगम में चावल जमा हो सके। चावल निर्यातकों ने कलेक्टर से भारतीय खाद्य निगम को पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। निर्यातकों ने माह दिसंबर 2021 में 74 रैक का इंडेन लगाया है। निर्यातकों ने 24 दिसम्बर तक अपने सारे इंडेन कैंसल करने का आश्वासन दिया है। कलेक्टर ने भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे कम से कम 6 इंडेन लगाए और तिल्दा में जमा चावल का परिवहन करने का सर्वश्रेष्ठ प्रयास करे। उन्होंने रेल्वे के अधिकारियों से चर्चा कर तिल्दा में दो रेल्वे ट्रेक को शुरू करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में राजस्व, भारतीय खाद्य निगम, खाद्य विभाग के अधिकारियों सहित जिले के 10 निर्यातक उपस्थित थे।

मनखे-मनखे एक समान संदेश, जीवन में उतारने की जरूरत : मुख्यमंत्री बघेल

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 18 दिसम्बर को बाबा गुरू घासीदास की जयंती के एक दिन पूर्व राजधानी रायपुर के न्यू राजेन्द्र नगर में आयोजित सार्वजनिक गुरू घासीदास जयंती समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मानव जाति के उत्थान में संत बाबा गुरू घासीदास का जीवन अनुकरणीय है। हम सभी को उनके बताए 'मनखे-मनखे एक समान' के संदेश को जीवन में उतारने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सत्य के रास्ते में चलकर मानवता के हित में काम करना चाहिए। साधु-संतों और महापुरूषों के बताए रास्ते पर चलकर छत्तीसगढ़ सरकार के आज 3 साल पूरे हो रहे हैं। बाबा गुरुघासीदास जी का आशीर्वाद है कि उन्हें छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उनके ही आशीर्वाद से सभी लोगों के कल्याण और छत्तीसगढ़ के विकास के कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने यहाँ जैतखाम की पूजा अर्चना की और आरती में भाग लिया। समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री श्री बघेल को प्रतीक स्वरूप जैतखंभ स्मृति चिन्ह भेट किए। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर राजेन्द्र नगर स्थित सामाजिक भवन में पुस्तकालय एवं कम्प्यूटर के लिए 50 लाख रूपए देने की घोषणा की।मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आगे कहा कि बाबा गुरू गुरुघासीदास जी ने शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ ही समता रूपी समाज के निर्माण और सबके उत्थान की दिशा में काम किया। उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ सरकार का प्रयास है कि सबकों समान न्याय मिले। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य प्रदेशों में भी गुरू पर्व का वातावरण बन गया है। मेरा सौभाग्य है कि मैं बाबा के आशीर्वाद से आज बाबा के दर्शन के लिए उपस्थित हो पाया हूँ। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में लक्ष्य के अनुसार धान की खरीदी चल रही है।

भूपेश सरकार के 3 साल के कार्यकाल में छग तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है : ठाकुर

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय सहित भाजपा के नेता छत्तीसगढ़ मॉडल की योजनाओं का लाभ लेने के बाद विपक्षी होने के धर्म का निर्वहन कर रहे हैं इसलिए राजनीतिक खानापूर्ति के लिए और आरएसएस एवं भाजपा के बड़े मठाधीश नेताओं को खुश करने के लिए झूठे मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं। अब देश में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार के तीन साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ मॉडल की चर्चा हो रही है। मोदी भाजपा का गुजरात मॉडल पूरी तरह से फ्लाप हो गया है। छत्तीसगढ़ में 20 लाख किसानों के 11 हजार करोड़ तक का कर्ज माफकिया है, 18 लाख किसानों के 217 करोड़ के लगभग सिंचाई कर को माफकिया है, धान की कीमत 2560 रू. एवं 2540 रू. प्रति क्विंटल दिया जा रहा है, मक्का, गन्ना, कोदो, कूटकी, रागी, दलहन, तिलहन, फलदार वृक्ष एवं सब्जी लगाने वाले किसानों को 10 हजार रू. प्रति एकड़ इनपुट सब्सिडी दिया जा रहा है। तेन्दुपत्ता का मानक दर 4000 रू. प्रति बोरा एवं 52 वनोपज की समर्थन मूल्य की खरीदी की जा रही है। 1700 आदिवासी परिवार के 4100 एकड़ जमीन लौटाया गया है। महिला स्व सहायता समूह की 13 करोड़ रू. की कर्ज माफी की, 40 लाख परिवार को बिजली बिल हाफ की सुविधा दे रही है।

मुख्यमंत्री बघेल के नेतृत्व में राज्य शासन के 3 वर्ष पूर्ण होने पर मंत्रियों, संसदीय सचिव और विधायकगणों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। सरकार को तीन वर्ष पूर्ण होने पर आज मुख्यमंत्री निवास में मंत्रियों, संसदीय सचिव एवँ विधायकगणों ने मुख्यमंत्री श्री बघेल को पुष्पगुच्छ एवँ शॉल भेंट कर बधाई एवँ शुभकामनाएं दी

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली सरकार को तीन वर्ष पूर्ण होने पर आज मुख्यमंत्री निवास में मंत्रियों, संसदीय सचिव एवँ विधायकगणों ने मुख्यमंत्री श्री बघेल को पुष्पगुच्छ एवँ शॉल भेंट कर बधाई एवँ शुभकामनाएं दी ।

इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, खाद्य मंत्री श्री अमरजीत भगत, संसदीय सचिव श्री विनोद सेवनलाल चंद्राकर, श्री चिंतामणि महाराज, श्री यू.डी. मिंज, विधायक श्री बृहस्पति सिंह, श्रीमती ममता चंद्राकर और श्री के.के. ध्रुव सहित श्री मोती लाल देवांगन और श्री आर.पी. सिंह ने मुख्यमंत्री को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

निकाय चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में बिरगांव में भाजपा ने झोंकी पूरी ताकत

पूर्ण बहुमत के लिए सड़क पर उतरे कार्यकर्ता

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय निकाय चुनाव प्रचार अंतिम चरण में है। कांग्रेस के साथ-साथ भाजपा ने भी चुनाव में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। बिरगांव में भाजपा ने रोड शो किया, जहां भाजपा के पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर, राजेश मूणत के साथ कार्यकर्ताओं का जनसैलाब देखने को मिला। रोड शो के दौरान पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा कि बिरगांव की जनता का जनसैलाब इस बात का प्रतीक है कि भारतीय जनता पार्टी के तरफरुझान बन रहा है। धोखा, झूठा वादा और फरेब की राजनीति करने वाले कांग्रेसियों की अकल ठिकाने लगाने के लिए जनता अब सड़कों पर आ गई है। भारतीय जनता पार्टी बिरगांव नगर निगम में पूर्ण बहुमत के साथ आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने दावा किया कि आने वाले दिनों में भाजपा का कमल खिलने वाला है। आज बिरगांव की जनता पूछ रही है कि 3 सालों में कांग्रेस ने बिरगांव को क्या दिया। आज मुख्यमंत्री को गली-गली घूमना पड़ रहा है। इस प्रदेश के मुख्यमंत्री जिनको अपने काम पर विश्वास है, आज उन्हीं मुख्यमंत्री को गली-गली घूमकर घोषणा करना पड़ रहा है।

हथकरघा सहकारी संघ एवं खादी बोर्ड द्वारा निर्मित सामग्रियों को अनिवार्य रूप से क्रय किया जाए : सीएम

- सीएम ने दिए शासकीय विभागों को कड़े निर्देश
- निर्देशों का उल्लंघन पर अधिकारी होंगे व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सभी शासकीय विभागों को हथकरघा सहकारी संघ एवं खादी बोर्ड द्वारा निर्मित सामग्रियों का ही अनिवार्य रूप से क्रय करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने हथकरघा संघ एवं खादी बोर्ड के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है कि उन्हीं सामग्रियों की आपूर्ति विभागों को की जाए जो केवल राज्य के बुनकरों द्वारा निर्मित हैं।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस बात पर कड़ी अप्रसन्नता व्यक्त की है कि उनके निर्देश के बाद भी कुछ शासकीय विभागों द्वारा हथकरघा सहकारी संघ एवं खादी बोर्ड द्वारा निर्मित सामग्रियों का क्रय नहीं किया जा रहा है। इसे गम्भीरता से लेते हुए उन्होंने अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी है और कहा है कि अनिवार्य रूप से शासकीय विभागों में हथकरघा सहकारी संघ एवं खादी बोर्ड द्वारा निर्मित सामग्रियों की खरीदी की जाए। उनके निर्देशों का उल्लंघन होने पर इसके लिए संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से दोषी होंगे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के बुनकरों के संरक्षण और उन्हें सतत रूप से आजीविका के लिए रोजगार के साधन उपलब्ध कराने को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में भी यह निर्देश जारी किये जा चुके है कि शासकीय विभाग आवश्यकतानुसार हथकरघा सहकारी संघ एवं खादी बोर्ड द्वारा निर्मित सामग्रियों का क्रय अनिवार्य रूप से की जाए। किन्तु अभी भी यह शिकायतें प्राप्त हो रही है कि कुछ विभागों द्वारा उक्त निर्देशों का उल्लंघन किया जा रहा है। इस संबंध में उन्होंने पुनः कड़ी चेतावनी देते हुए सभी शासकीय विभागों को हथकरघा संघ एवं खादी बोर्ड से ही आवश्यकतानुसार सामग्री क्रय करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने हथकरघा संघ एवं खादी बोर्ड के अधिकारी भी यह सुनिश्चित करने कहा है कि उनके द्वारा उन्ही सामग्रियों की आपूर्ति विभागों को की जाए जो केवल राज्य के बुनकरों द्वारा निर्मित हों। अन्य राज्यों में निर्मित अथवा राज्य के बुनकरों द्वारा निर्मित न होने वाली किसी भी सामग्री का प्रदाय, क्रय किये जाने पर इन निर्देशों के उल्लंघन करने वाले अधिकारी व्यक्तिगत रूप से दोषी होंगे।

एलआईसी ऑफ इंडिया की नई योजना धन रेखा लागू

भोपाल/नवप्रदेश। भारतीय जीवन बीमा निगम ने 13 दिसंबर 2021 से एक नई योजना धन रेखा प्रस्तुत की है जो एक असम्बद्ध, असहभागी , व्यक्तिगत बचत जीवन बीमा योजना है। उत्पाद के विभिन्न लाभ और अद्वितीय विशेषताएं हैं। महिला जीवन के लिए विशेष प्रीमियम दरें हैं। थर्ड जेंडर हेतु योजना उपलब्ध है। योजना के तहत सभी लाभ पूरी तरह से गारंटीकृत हैं।

प्लान प्रीमियम भुगतान अवधि के अंत से शुरू होने वाले नियमित अंतराल पर विद्यमानता हितलाभ के रूप में मूल बीमा राशि का प्रतिशत प्रदान करता है बशर्ते पॉलिसी चालू हो। गारंटीकृत परिवर्धन 6वें पॉलिसी वर्ष से शुरू होकर पॉलिसी अवधि के अंत तक प्रत्येक पॉलिसी वर्ष के अंत में अर्जित होंगे, बशर्ते पॉलिसी चालू हो । इस योजना का विशेष लाभ यह है कि परिपक्वता पर, पॉलिसीधारक को अर्जित गारंटीकृत परिवर्धन के साथ प्राप्त मनी बैक हितलाभ राशि की कटौती किए बिना पूर्ण बीमा राशि प्राप्त होती है। यह योजना पॉलिसी अवधि के दौरान पॉलिसीधारक की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के मामले में परिवार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। एकल प्रीमियम मृत्यु हितलाभ के लिए मूल बीमाराशि एवं गारंटीकृत परिवर्धन का 125 प्रतिशत है। सीमित भुगतान प्रीमियम के लिए, मृत्यु बीमा राशि मूल बीमा राशि का 125 प्रतिशत या वार्षिकीकृत प्रीमियम का 7 गुना है, जो भी अधिक हो,किंतु मृत्यु की तारीख तक भुगतान किए गए सभी प्रीमियम के 105 प्रतिशत से कम नहीं है, साथ ही गारंटीकृत परिवर्धन सहित भी। परिपक्वता और मृत्यु लाभ एकमुश्त के बजाय 5 साल की अवधि में किश्तों में प्राप्त करने का प्रावधान उपलब्ध है। प्रीमियम एकल प्रीमियम या सीमित प्रीमियम भुगतान अवधि 10 वर्ष, 15 वर्ष और 20 वर्ष हो सकती हैं। यह योजना ऋण सुविधा के माध्यम से तरलता की जरूरतों का भी ध्यान रखती है। शर्तों के अधीन अतिरिक्त प्रीमियम के भुगतान पर इस योजना के तहत वैकल्पिक अनुवृद्धियां उपलब्ध हैं। इस योजना के तहत न्यूनतम बीमा राशि 2 लाख रुपये है और अधिकतम बीमा राशि की कोई सीमा नहीं है। प्रवेश के समय न्यूनतम आयु चयनित पॉलिसी अवधि के अनुसार 90 दिनों से लेकर 8 वर्ष तक होती है। प्रवेश की अधिकतम आयु चुनी गई पॉलिसी अवधि के आधार पर 35 वर्ष से 55 वर्ष तक होती है। यह योजना एजेंटों/मध्यस्थों के माध्यम से POSPL /सामान्य लोक सेवा केंद्रों (CPSC-SPV) के साथ-साथ सीधे वेबसाइट www.licindia.in के माध्यम से ऑनलाइन क्रय हेतु उपलब्ध है।

नकली ऑयल बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार

करीब 5 लाख का ऑयल जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड के अधिकारी और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनी ने थाना माना क्षेत्र के सददानी मार्केट स्थित शिव शक्ति लुब्रिकेशन दुकान में संचालक द्वारा इंडियन ऑयल और एचपी कंपनी की नकली ऑयल बिक्री करने पर कार्रवाई की गई है। एसएसपी प्रशांत अग्रवाल, एएसपी शहर तारकेश्वर पटेल और साइबर सेल की मदद से कार्रवाई की गई है। थाना माना कैम्प की संयुक्त टीम ने उक्त दुकान में जाकर रेड कार्रवाई की। आरोपी रोहित पिंजनी को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब नेशनल बैंक के सामने कटोरा तालाब सिविल लाइन रायपुर से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के कब्जे से नकली ऑयल करीब 1502 लीटर, जिसमें 67 कार्टून में प्रत्येक कार्टून में 20 डब्बा ऑयल प्रत्येक डब्बा 900 एमएल की भर्ती कथा 10 डब्बा, जिसमें प्रत्येक डब्बा में 26 लीटर ऑयल भर्ती और 3 कार्टून पाउच प्रत्येक कार्टून में 300 मिले हैं। पुलिस ने बताया कि प्रत्येक पाउच में 40 एमएल की भर्ती है।

बयानबाजी — छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार की नीतियां लागू करें तो देश का किसान होगा खुशहाल

किसानों के दुश्मन मोदी के किसानों को प्रवचन बगुला भगत के समान : मोहन

रायपुर/नवप्रदेश। गुजरात के आनंद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शून्य बजट पर प्राकृतिक खेती, सस्ती खेती, टिकाऊ खेती जैसे विषय पर उद्बोधन को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने बगुलाभगत का उपदेश बताते हुए कहा है कि देश भर के किसानों का भविष्य कारपोरेट घरानों के पास गिरबी रखने के लिए साजिश रचकर तीन काले कानून लाने वाले अब किसानों को शून्य बजट में उत्तम खेती का पाठ पढ़ा रहे हैं। यह धूर्तता छत्तीसगढ़ सहित सारे देश के किसान देख, सुन और समझ रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि सात साल से किसानों के साथ वादाखिलाफी और धोखाधड़ी कर रही मोदी सरकार ने वादा किया था कि किसानों को लागत का डेढ़ से दो गुना मूल्य देंगे। वादा निभाना तो इनकी फितरत में है ही नहीं, उल्टे किसान को सही दाम न मिल सके, इसके लिए रोड़े अटकाए गए।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि जब कांग्रेस के वादे के मुताबिक भूपेश बघेल सरकार ने 2500 रुपये की दर से छत्तीसगढ़ के किसानों को दाम देना शुरू किया तो केंद्र के समर्थन मूल्य का अड़ंगा लगाया। लेकिन हमारी सरकार ने हर हाल में किसान से किया वादा पूरा किया। सरकार आते ही उनका कर्ज माफ किया। किसानों को धान का 2500 रुपये न मिले, इसके लिए केंद्र की मोदी भाजपा सरकार ने पूरा जोर लगा दिया, तब भी कांग्रेस सरकार राजीव गांधी किसान न्याय योजना लाकर किसानों का धान 2500 में खरीद रही है। अन्य उपज के भी दाम बढ़ाकर किसानों को राहत दी गई है। गोधन न्याय योजना के तहत गोधन संरक्षण और संवर्धन किया जा रहा है। दो रुपये किलो की दर से गोबर खरीदी करके ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दी गई है। उपज बढ़ाने कम्पोस्ट बर्मी खाद का उत्पादन किया जा रहा है। गोबर से बिजली उत्पादन भी हो रहा है। इसे कहते हैं कांग्रेस का हाथ, किसान के साथ।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि किसान के दुश्मन आज यह कबूल कर रहे हैं कि पूरे विश्व में खाद्यान्न निर्यात में भारत की भागीदारी काफ़ी कम है तो वे यह भी बता दें कि इसके लिए जिम्मेदार वे खुद हैं। छत्तीसगढ़ के किसान को धान का 2500 न मिल पाए, इसके लिए बारदाना संकट की साजिश रचने वाले जब किसान को ज्ञान बांटते हैं तो लगता है कि ऐसे जोकर जिन्होंने कभी हल नहीं चलाया, किसान का दर्द महसूस नहीं किया, वे किसानी के गुर सिखा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि तथाकथित गुजरात मॉडल के गुब्बारे की हवा निकल गयी है। अब देश में छत्तीसगढ़ के न्याय मॉडल का बोलबाला है। अगर पीएम मोदी को जरा सी भी सद्बुद्धि आ गई है तो वे छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार की नीतियों को लागू करें और देख लें कि कृषि के क्षेत्र में भारत दुनिया का सिरमौर बन सकता है।

राज्यपाल उईके ने संत बाबा गुरू घासीदास जयंती पर दी शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश/ राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने संत बाबा गुरू घासीदास की जयंती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि महान संत बाबा गुरू घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर सद्मार्ग में चलने का रास्ता दिखाया। उन्होंने कहा कि समाज को एकता के सूत्र में पिरोने वाले बाबा गुरू घासीदास शांति, समरसता और सद्भावना के प्रतीक है। संत बाबा गुरू घासीदास ने समाज में व्याप्त भेदभाव एवं असमानता को दूर कर समतामूलक समाज स्थापित करने पर बल दिया। उनके उपदेश आज भी प्रासंगिक है।

संपादकीय

ये कैसी घृणित मानसिकता

एक ओर तो देश में महिलाओं पर अत्याचार और बलात्कार की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है और महिलाओं की सुरक्षा का सवाल आज भी अपनी जगह पर बना हुआ है। वहीं दूसरी ओर नेताओं की महिलाओं के प्रति घृणित मानसिकता भी अकसर सामने आती रहती है। ताजा उदाहरण कर्नाटक विधानसभा का है जहां कांग्रेस के एक विधायक रमेश कुमार ने बलात्कार को लेकर अत्यंत आपत्तिजनक टिप्पणी कर महिलाओं का घोर अपमान कर दिया। उन्होने कहा कि यदि बालात्कार को रोक नहीं सकते तो लेट कर उसका मजा लेना चाहिए। कांग्रेस विधायक पूर्व में कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष भी रह चुके है और उस समय भी उन्होने महिलाओं के प्रति अपनी घृणित मानसिकता का परिचय देते हुए अत्यंत आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। कहने का मतलब यह कि इस तरह की बदजुबानी करने के आदि है। कांग्रेस विधायक रमेश कुमार के इस बयान को लेकर जब बवाल मचा तो उन्होने इसके लिए माफी मांग ली। क्या उन्हे इसके लिए माफ किया जाना चाहिए। कायदे से तो उन्हे न सिर्फ पार्टी से निकाला जाना चाहिए बल्कि उनको विधायक पद से भी बर्खास्त किया जाना चाहिए। महिलाओं के प्रति ऐसी सोच रखने वालों के लिए प्रजातंत्र के मंदिरों में कोई स्थान नहीं होना चाहिए। यह वही कर्नाटक विधानसभा है जिसके पिछले कार्यकाल के दौरान तीन विधायक सदन के भीतर मोबाईल पर अश्लील वीडियों देखते हुए पाए गए थे। उन्हे कुछ समय के लिए निलंबित किया गया था लेकिन फिर वे सदन में पहुंच गए थे। इस मामले में उक्त कांग्रेस विधायक तो दोषी है ही लेकिन विधानसभा अध्यक्ष और विधानसभा में मौजूद अन्य माननीय भी कम जिम्मेदार नहीं है। उक्त विधायक की टिप्पणी के बाद विधानसभा अध्यक्ष हेगड़े भी हंसने लगे थे और सदन में भी ठहाके लगे थे। समझ में नहीं आता कि यह कर्नाटक की विधानसभा है या धृतराष्ट्र की सभा? जहां महिला अस्मिता का इस कदर माखौल उड़ाया गया। इस बारे में उचित कार्यवाही की जानी चाहिए ताकि भविष्य में फिर कभी प्रजातंत्र के पवित्र मंदिरों में कोई इस तरह की गंदी बात करने का और महिलाओं के अपमान का दु:साहस न कर सके।

विचार

आरक्षण याने राजनीति का दीवाला

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

सर्वोच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र सरकार की उस याचिका को रद्द कर दिया है, जिसमें यह मांग की गई थी कि केंद्र सरकार उसे पिछड़ी जातियों के आंकड़े उपलब्ध कराए ताकि वह अपने स्थानीय चुनावों में महाराष्ट्र के पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण दे सके। केंद्र सरकार ने 2011 में जो व्यापक जन-गणना करवाई थी, उसमें नागरिकों की समााजिक-आर्थिक स्थिति पर भी आंकड़े इकट्ठे किए गए थे। न्यायाधीशों ने उस याचिका को रद्द कर दिया और कहा कि खुद केंद्र सरकार ने उन आंकड़ों को इसीलिए प्रकाशित नहीं किया, क्योंकि ''वे प्रामाणिक और विश्वसनीय नहीं'' थे। 10 साल पहले की गई जातीय जनगणना से पता चला कि भारत में कुल 46 लाख अलग अलग जातियां हैं। उनमें कौन अगड़ी है और कौन पिछड़ी, यह तय करना आसान नहीं है, क्योंकि एक प्रांत में जिन्हें अगड़ी माना जाता है, दूसरे प्रांत में उन्हें ही पिछड़ी माना जाता है। एक ही गौत्र कई अगड़ी और पिछड़ी जातियों में एक साथ पाया जाता है। कई तथाकथित अगड़ी जाति के लोग बेहद गरीब होते हैं और पिछड़ी जातियों के कई लोग काफी अमीर होते हैं। जब अंग्रेजों ने भारत में जन जातीय जनगणना शुरु की थी तो उनका इरादा भारत की एकता को जातीय क्यारियों में बांटने का था ताकि 1857 के स्वातंत्र्य-संग्राम में उभरी राष्ट्रीय चेतना भंग हो जाए। लेकिन अंग्रेज शासकों की इस प्रवृत्ति के विरोध में गांधीजी के नेतृत्व में जातीय जनगणना का इतना तीव्र विरोध हुआ कि 1931 से इसे बंद कर दिया गया लेकिन हमारे ज्यादातर नीतिविहीन राजनीतिक दलों ने अपनी जीत का आधार जाति को बना लिया। इसीलिए उनके जोर देने पर कांग्रेस सरकार ने जातीय जनगणना फिर से शुरु कर दी लेकिन इस जनगणना का विरोध करने के लिए जब मैंने 'मेरी जाति हिंदुस्तानी' आंदोलन शुरु किया तो लगभग सभी दलों ने उसका समर्थन किया। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की पहल पर वह जातीय जनगणना बीच में ही रुकवा दी गई। उसके आंकड़े न तो कांग्रेस सरकार ने प्रकट किए और न ही भाजपा सरकार ने। यह प्रसन्नता की बात है कि वर्तमान सरकारी वकील ने जातीय जनगणना को अवैज्ञानिक और अशुद्ध बताया है। उसने यह भी कहा है कि महाराष्ट्र सरकार ने किसी व्यवस्थित जानकारी के बिना ही 27 प्रतिशत आरक्षण पिछड़ों को दे दिया, जिस पर सर्वोच्च न्यायालय ने जो रोक लगाई है, वह ठीक है। इस वक्त बिहार, उत्तरप्रदेश और दक्षिण के भी कुछ नेता जातीय गणना की मांग पर डटे हुए हैं। सच्चाई तो यह है कि हमारे राजनीतिक दल वैचारिक और व्यावहारिक दृष्टि से लगभग दीवालिया हो चुके हैं। इसीलिए वे जाति और मजहब के नाम पर थोक वोट कबाड़ने के लिए मजबूर हैं। यह भारतीय लोकतंत्र की अपंगता का सूचक है। देश के गरीब और कमजोर लोगों को जातीय आधार पर नौकरियों में नहीं बल्कि शिक्षा और चिकित्सा में जरुरत के आधार पर आरक्षण अवश्य दिया जाना चाहिए।

भारतीय सेना के महान योद्धा : जनरल बिपिन रावत

विकास कुमार

इनका जन्म
इनका जन्म 16 मार्च , 1958 को गढ़वाल (वर्तमान पौढी गढ़वाल उत्तराखंड) में हुआ था। वह बचपन से ही दूर दृष्टि रखने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थी थे। यही कारण रहा कि विद्यार्थी जीवन में भी उनको कई पुरस्कारों से नवाजा गया। उनकी शुरुआती शिक्षा देहरादून के कैबरीन हाल स्कूल और शिमला में सेंट एडवर्ड स्कूल में हुई। सैन्य अकादमी देहरादून से स्नातक की प्रथम श्रेणी में डिग्री प्राप्त किया। उनके इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मद्रास विश्वविद्यालय से रक्षा अध्ययन विषय में एम0फिल0 एवं प्रबंधन तथा कंप्यूटर अध्ययन में डिप्लोमा प्राप्त किया। वर्ष 2011 में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से सैन्य मीडिया अध्ययन के क्षेत्र में पीएचडी की मानद उपाधि से विभूषित किया गया। 16 सितंबर, 1978 में 5//11 गोरखा राइफल्स में भारतीय थल सेना की सेवा के लिए सम्मिलित हुए। सेना में सेवा देने की प्रथा उनके पूर्वजों से चली आ रही है। इनके पिताजी भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेंट जनरल पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

भारतीय भूमि में कई ऐसे अमर साधक वाले बड़े जिनके शौर्य, वीरता और साहस की अमिट छाप इतनी प्रभावकारी रही कि कहानियों से आने वाली पीढ़ियां सीख लेती रहती हैं। व्यावहारिक जगत में उनके चले जाने का गम सभी प्रकार के समुदायों को होता है। सभी सहज भाव से उनको याद करते हैं। 8 दिसंबर, 2021 को एमआई-17वी-5 हेलीकॉप्टर की दुर्घटना के पश्चात पूरा देश शोक में डूब गया था। इस विमान में भारत के प्रथम चीफ आफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत एवं उनकी धर्मपत्नी मधुलिका रावत सहित अन्य अधिकारियों का भाषण निधन हो गया। इस घटना को लेकर कई प्रकार के सवाल खड़े हो रहे हैं जनरल साहब का हेलीकॉप्टर का सोना आकाश में घटना थी साजिश थी या अन्य कुछ, इस विषय में सरकार ने इस संबंध के जानकार तथा विशेषज्ञों की कमेटी गठित कर जांच करने के आदेश दिए हैं। जनरल बिपिन रावत सेना प्रमुख के साथ एक अच्छे रणनीतिकार युद्ध विशेषज्ञ एवं सेना में कई क्षेत्रों के नवीनीकरण एवं नवाचार करने के अग्रणी थे। उन्होंने सेना में कई ऐसे सुधार की जिससे आने वाली सेना में पीढ़ियां भविष्य में लाभान्वित हो सकेंगे। उनका मानना था कि सेना नौकरी या व्यवसाय नहीं है इसमें भारती होना राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्र गौरव है। भारतीय सेना में लड़कियों का प्रवेश भारतीय सेना में लड़कियों का प्रवेश कराने में उनका प्रमुख और अहम योगदान था। उनका सपना था कि भारतीय सेना विश्व की श्रेष्ठ एवं सर्वोच्च सेना बने, इस कार्य हेतु उन्होंने भारत का प्रयास भी किया। देश भक्ति और राष्ट्र प्रेम उनके रग-रग में भरा था जिसके लिए वह सदैव तैयार रहते थे ।किसी भी संकट का पूर्वानुमान एवं उसके खातिर सशक्त रणनीति का संचालन तथा उसको अपने अनुभवों से निपटाना इस प्रकार की उनमें अटूट प्रतिभा थी। साथ ही वह त्वरित निर्णय लेने में भी तत्परता दिखाते थे और अपनी सूझबूझ से उस घटनाक्रम को सुलझा लेने की पहल भी करते थे।

इनका जन्म इनका जन्म 16 मार्च , 1958 को गढ़वाल (वर्तमान पौढी गढ़वाल उत्तराखंड) में हुआ था। वह बचपन से ही दूर दृष्टि रखने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थी थे। यही कारण रहा कि विद्यार्थी जीवन में भी उनको कई पुरस्कारों से नवाजा गया। उनकी शुरुआती शिक्षा देहरादून के कैबरीन हाल स्कूल और शिमला में सेंट एडवर्ड स्कूल में हुई। सैन्य अकादमी देहरादून से स्नातक की प्रथम श्रेणी में डिग्री प्राप्त किया। उनके इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मद्रास विश्वविद्यालय से रक्षा अध्ययन विषय में एम0फिल0 एवं प्रबंधन तथा कंप्यूटर अध्ययन में डिप्लोमा प्राप्त किया। वर्ष 2011 में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से सैन्य मीडिया अध्ययन के क्षेत्र में पीएचडी की मानद उपाधि से विभूषित किया गया। 16 सितंबर, 1978 में 5//11 गोरखा राइफल्स में भारतीय थल सेना की सेवा के लिए सम्मिलित हुए। सेना में सेवा देने की प्रथा उनके पूर्वजों से चली आ रही है। इनके पिताजी भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेंट जनरल पद से सेवानिवृत्त हुए थे। प्रारंभ में इनको नियुक्ति मिजोरम में मिली, तत्पश्चात कई असाधारण कार्य किए जिससे सभी का ध्यान इनकी ओर आकृष्ट हुआ। यही कारण रहा कि कांगो में संयुक्त राष्ट्र संघ की पीसकीपिंग का नेतृत्व इन्हीं को सौंपा गया, जिसका इन्होंने सफलतापूर्वक संचालन किया ,इस कार्य की बहुत प्रशंसा हुई थी। आतंकवाद एक विश्वव्यापी समस्या है जिसका प्रभाव भारत में भी है जब इनकी पूर्वोत्तर कमान में ड्यूटी थी उस समय अलगाववादी नीतियां वहां चरम पर थी। इन्होंने अपनी सूझबूझ से उन नीतियों का कार्यान्वयन किया जिससे अलगाव विरोधी गतिविधियां कम हुई। साथ ही उन्होंने आतंकवाद के विरुद्ध भी कई ऑपरेशन चलाएं जो बहुत सफल रहे। म्यांमार में 2015 में सीमा पार ऑपरेशन किया गया ,जिसमें भारतीय सेना ने आतंकवादियों का मुंहतोड़ जवाब दिया उसका संचालन भी जनरल बिपिन रावत जी ही कर रहे थे। इस ऑपरेशन में कई आतंकवादियों को मार गिराया गया था। पाकिस्तान में हुई सर्जिकल स्ट्राइक के भी जनरल बिपिन रावत प्रमुख रणनीतिकार एवं सलाहकार थे। इन्हीं साहसी एवं वीरता वाले कार्य हेतु उन्हें कई पुरस्कारों एवं सम्मानों- परम विशिष्ट सेवा पदक, उत्तम युद्ध सेवा पदक, अतिविशिष्ट सेवा पदक, युद्ध सेवा पदक, सेना पदक, विशिष्ट सेवा पदक आदि से नवाजा (सम्मानित) गया था। वह भारतीय सेना के साधारण अधिकारी के पद से भारतीय सेना के सर्वोच्च पद को सुशोभित करने वाले व्यक्ति थे। इतना ही नहीं जब तीनों सेनाओं का प्रमुख बनाने का विधेयक लाया गया तब जनरल बिपिन रावत साहब को चीफ ऑफ डिफेंस बनाया गया। उनके आकस्मिक चले जाने का गम भारत के प्रत्येक समुदाय के नागरिकों को है। ऐसे महान योद्धा इस दुनिया से तो चले जाते हैं परंतु उनका यह देश प्रेम और बलिदान देशवासी सदैव याद रखते हैं। और आने वाली पीढ़ियां उससे प्रेरणा प्राप्त करती हैं।

आतंकवाद एक विश्वव्यापी समस्या है जिसका प्रभाव भारत में भी है जब इनकी पूर्वोत्तर कमान में ड्यूटी थी उस समय अलगाववादी नीतियां वहां चरम पर थी। इन्होंने अपनी सूझबूझ से उन नीतियों का कार्यान्वयन किया जिससे अलगाव विरोधी गतिविधियां कम हुई। साथ ही उन्होंने आतंकवाद के विरुद्ध भी कई ऑपरेशन चलाएं जो बहुत सफल रहे। म्यांमार में 2015 में सीमा पार ऑपरेशन किया गया ,जिसमें भारतीय सेना ने आतंकवादियों का मुंहतोड़ जवाब दिया उसका संचालन भी जनरल बिपिन रावत जी ही कर रहे थे। इस ऑपरेशन में कई आतंकवादियों को मार गिराया गया था। पाकिस्तान में हुई सर्जिकल स्ट्राइक के भी जनरल बिपिन रावत प्रमुख रणनीतिकार एवं सलाहकार थे। इन्हीं साहसी एवं वीरता वाले कार्य हेतु उन्हें कई पुरस्कारों एवं सम्मानों- परम विशिष्ट सेवा पदक, उत्तम युद्ध सेवा पदक, अतिविशिष्ट सेवा पदक, युद्ध सेवा पदक, सेना पदक, विशिष्ट सेवा पदक आदि से नवाजा (सम्मानित) गया था। वह भारतीय सेना के साधारण अधिकारी के पद से भारतीय सेना के सर्वोच्च पद को सुशोभित करने वाले व्यक्ति थे। इतना ही नहीं जब तीनों सेनाओं का प्रमुख बनाने का विधेयक लाया गया तब जनरल बिपिन रावत साहब को चीफऑफ डिफेंस बनाया गया। उनके आकस्मिक चले जाने का गम भारत के प्रत्येक समुदाय के नागरिकों को है। ऐसे महान योद्धा इस दुनिया से तो चले जाते हैं परंतु उनका यह देश प्रेम और बलिदान देशवासी सदैव याद रखते हैं। और आने वाली पीढ़ियां उससे प्रेरणा प्राप्त करती हैं।

डॉग्स पीछा करें तो स्पीड घटायें, लौट जायेंगे

नरविजय यादव

अनजान कुत्ता गुस्से में दिखे तो उससे नज़रें न मिलाएं, उसके सामने झुकें नहीं, न ही उसे छूने की कोशिश करें। बस उससे दूर हट जाएं। कोई पालतू कुत्ता भी जब आपके पास आए तो विचलित न हों, हाथ न नचाएं, उसे सूंघने दें, शांत रहें, उसे आपको जानने का अवसर दें। उसे छूएं नहीं, न ही दोस्ती जताने की कोशिश करें। कुछ सेकंड बाद वह खुद संतुष्ट होकर शांत बैठ जायेगा या चला जायेगा। जागरूकता महत्वपूर्ण है। बच्चों को जानवरों का महत्व समझाएं, डराएं नहीं, बल्कि जागरूक बनाएं। यदि आप बच्चों से कहेंगे कि कुत्ता काट लेगा, तो वे उसे देखते ही चीखने या भागने लगेंगे, जो कुत्ते के लिए खतरे का संकेत है और वो आक्रामक हो सकता है।

कल पड़ोस में एक कुत्ते के जोर से चीखने की आवाज आयी तो देखना पड़ा कि माजरा क्या है। एक बुजुर्ग ने मोहल्ले के कुत्ते को डंडा मारकर उसका पैर घायल कर दिया था। कुत्तों द्वारा काट लिए जाने के छिटपुट मामले अक्सर खबरों में रहते हैं। कोई भी कुत्ता सुबह को यह सोच कर नहीं निकलता है कि दिन में वह किसी को काटेगा। नासमझ लोगों के उकसाने से उत्तेजित या परेशान होकर अथवा किसी हमले से बचने के लिए वह काटने पर मजबूर होता है। बीमार कुत्ता जरूर चिड़चिड़ाहट में किसी को भी काट सकता है, उसका इलाज होना चाहिए। अनजान कुत्ता गुस्से में दिखे तो उससे नज़रें न मिलाएं, उसके सामने झुकें नहीं, न ही उसे छूने की कोशिश करें। बस उससे दूर हट जाएं। कोई पालतू कुत्ता भी जब आपके पास आए तो विचलित न हों, हाथ न नचाएं, उसे सूंघने दें, शांत रहें, उसे आपको जानने का अवसर दें। उसे छूएं नहीं, न ही दोस्ती जताने की कोशिश करें। कुछ सेकंड बाद वह खुद संतुष्ट होकर शांत बैठ जायेगा या चला जायेगा। जागरूकता महत्वपूर्ण है। बच्चों को जानवरों का महत्व समझाएं, डराएं नहीं, बल्कि जागरूक बनाएं। यदि आप बच्चों से कहेंगे कि कुत्ता काट लेगा, तो वे उसे देखते ही चीखने या भागने लगेंगे, जो कुत्ते के लिए खतरे का संकेत है और वो आक्रामक हो सकता है। कुत्तों से डरने वाले वयस्क भी अजीब उछलकूद करके स्थिति को बिगाड़ते हैं और दोष कुत्ते पर मढ़ देते हैं। अजीब व्यवहार पर रिएक्ट करना एक कुत्ते का जन्मसिद्ध अधिकार है। यही तो एक रक्षक से उम्मीद की जाती है।

कुत्ता पूंछ हिलाए तो इसका मतलब यह नहीं कि वो फ्रेंडली है। यदि उसकी पूरी बॉडी हिले तो समझिए वो दोस्ताना है। यदि शरीर अकड़ा रहे, सिर्फ पूंछ हिलाये और नजरें न मिला रहा हो तो मान कर चलें कि कुत्ता उत्तेजित है। भलाई इसी में है कि उससे दूर रहें। किसी भी हालत में कुत्ते को पत्थर या डंडा न मारें। यह मूर्खता अधिकांश लोग करते हैं, इसीलिए डॉग बाइट के मामले बढ़ रहे हैं। मारने-धमकाने से कुत्ता आक्रामक हो जाता है। आक्रामकता कम करने के लिए उनकी नसबंदी, वेक्सीनेशन, खाने-पीने की व्यवस्था और दोस्ताना माहौल जरूरी है। यह काम न सरकार करती है, न आम लोग, इसलिए समस्या बढ़ी है। कुछ लोग कुत्तों को खाना-पानी देने लगते हैं तो कुछ बददिमाग लोग उसमें अड़ंगा डालते हैं। यदि हर दूसरे-तीसरे घर से थोड़ा बहुत खाना-पानी मिलता रहे, तो बेघर कुत्ते शांत रहेंगे। लोगों को पशु क्रूरता कानूनों का डर दिखाना भी जरूरी है, ताकि कुत्तों के प्रति उनका व्यवहार उचित रहे।

ध्यान रहे, बच्चे और बुजुर्ग अधिक छेड़ते हैं राह बैठे कुत्तों को, तभी शिकार बनते हैं। मानवीय लापरवाही से कुत्ते बीमार होते हैं, रेबीज पीड़ित कुत्ते से दूर रहें। डरे हुए कुत्ते को मारने पर वह हमला कर सकता है, उसे छेड़िए नहीं। खाने व बैठने की जगह और मेटिंग टाइम में दखलंदाजी पसंद नहीं करते कुत्ते। कुत्तों को तंग न करें तो कम हो सकते हैं डॉग बाइट के मामले। कुत्ते को पत्थर या डंडा कभी न मारें, यह गैरकानूनी और अनुचित हरकत है। कुत्तों को कभी उनके इलाके से दूर न छोड़ें, इससे उनमें गुस्सा बढ़ता है। कुत्ते हमेशा फ्रेंडली होते हैं, मनुष्य ही है जो स्वार्थी और क्रूर हो गया है।

किसी भी हालत में कुत्ते को पत्थर या डंडा न मारें। यह मूर्खता अधिकांश लोग करते हैं, इसीलिए डॉग बाइट के मामले बढ़ रहे हैं। मारने-धमकाने से कुत्ता आक्रामक हो जाता है। आक्रामकता कम करने के लिए उनकी नसबंदी, वेक्सीनेशन, खाने-पीने की व्यवस्था और दोस्ताना माहौल जरूरी है। यह काम न सरकार करती है, न आम लोग, इसलिए समस्या बढ़ी है। कुछ लोग कुत्तों को खाना-पानी देने लगते हैं तो कुछ बददिमाग लोग उसमें अड़ंगा डालते हैं। यदि हर दूसरे-तीसरे घर से थोड़ा बहुत खाना-पानी मिलता रहे, तो बेघर कुत्ते शांत रहेंगे। लोगों को पशु क्रूरता कानूनों का डर दिखाना भी जरूरी है, ताकि कुत्तों के प्रति उनका व्यवहार उचित रहे।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

उम्र भर नफरतों की

उम्र भर नफरतों की तपन में रहे गुल वो नाजुक से फिर भी चुभन में रहे ढूंढते हम रहे आपको रुह तलक और इक आप बस अंजुमन में रहे जो भी शिकवा शिकायत गिला हम से हो आज कह दीजिए कुछ न मन में रहे जान कहते थे वो देखिए खूब हैं एक हम ही न उनके जहन मे? रहे रूठ जाए न अपना पराया कोई हर समय हम लकी इस जतन में रहे।

- लक्ष्मी माहोर

लड़कियों की शादी



लड़कियों की शादी की उम्र 18 से 21 करने से क्या फायदा होगा... यह तो नही बता सकता... लेकिन बहुत सारे माता-पिता की परेशानी जरूर बढ़ सकती है... क्योंकि भारतीय संस्कृति में आज भी... विवाह सिर्फ वर वधु का निर्णय नहीं होता... पूरे परिवार का निर्णय और उनकी जिम्मेदारी होती है। - **कुमार संतोष**

खास पाती

मेरे शहर से मेरी मुलाक़ात



मेरे शहर से मेरी मुलाक़ात अब रोज़ नहीं हो पाती क्योंकि... ज़ाहिर है फोन पर उससे बात हो नहीं पाती वो ख़यालों में इस क़दर है कि बर्तन की आवाज़ भी मंदिर की घंटी सी लगती है वो शहर इस क़दर मेरे दिल-ओ-दिमाग में छाया है कि रेलगाड़ी की सीटी भी लगता है... कानों में शंखनाद कर गई वो गंगा किनारे की महकती सुबह बंद पलकों में आज भी सिमट आती है वो श्मशान से उठता धुआं मेरे भीतर का मोह भंग कर जाता है उस शहर की ज़मीं पर पाँव भले ही ना पड़ते हैं अब पर मन की ज़मीं पर उस शहर के पाँव की छाप गुद सी गई है मोहब्बत में मुलाक़ात इतनी भी ज़रूरी नहीं होती वो शहर दिल में बसा है मेरे उस शहर जैसी बात कहीं और नहीं होती।

- शिल्पी अग्रवाल

शक्ति व विश्वास दोनों ही किसी कार्य पूर्ण करने के लिए आवश्यक होते

शक्ति व विश्वास दोनों ही किसी कार्य पूर्ण करने के लिए आवश्यक होते हैं, यह हमारा आत्मविश्वास ही होता है जो हमारी शक्तियों को बल प्रदान करता है। अपनी शक्तियों व आत्मविश्वास के संतुलन से कर्मपथ पर निरंतर आगे बढ़ने वाले निश्चित ही सफलता को प्राप्त करते हैं।

- सुनिल शुक्ला

तेजी मे इन्वेस्ट सब करें मंदी में

तेजी मे इन्वेस्ट सब करें मंदी में करें न कोय जो मंदी में इनवेस्ट करें सदा मुनाफा होय। बॉटम बॉटम सब कहे बॉटम चुना न कोय जब असल में बॉटम आये रोकड़ा बचा न होय।

- अश्क शायर

आओ हम भी उसी साहिल को

आओ हम भी उसी साहिल को चलें सिन्दूरी शामें ये जहां साँझ ढले उतार कर अपना सुरमई घूंघट शामें अनसुना गीत गुनगुनातीं हैं भीनी -भीनी हवा गातीं हैं दुआ ज़िन्दगी ने जैसे पास आके छुआ छूलें चल के हम अनछुए लम्हों को लहरें-साहिल से लिपट जातीं हैं झोंके घूंघट कली के खोल रहे हर तरफ प्यार के पंछी से बोल रहे जाम लिए ज़िन्दगी साकिया बन के मुस्कातीं जीने को उकसातीं हैं। **- अजय कुमार सिंह भदौरिया**

किरणों संग सोते जागते गांव

किरणों संग सोते जागते गांव के दिन दिन होते हैं प्लास्टिक नही जिन्हें खीचतान कर बढा घटा लिया जाए सांझ के कंधे पर त्रप्ति भरी राते लड़खड़ाती नही उतरती हैं सुकून से शहरों का ख्वाब लिए हो जाती हैं खामोश शहरों में रात नही होती न ही होती है नींद उन्हें उतारा जाता है गोलियों के सहारे घंटों और सिफ्टों में दहलीज के बाहर अत्रप्ति से भरे यह उनींदे से शहर घूरते रहते हैं गांव निगलने के लिए।- **गीता कैथल**

दिसंबर की जैसी ठंड है उतनी

दिसंबर की जैसी ठंड है उतनी तू मन पसन्द है कहे तो नयन क़ातिल मैं तेरा तू मेरी अंतरंग है तुम्हारी अस्तित्व की धूप ये नाज नखरे भी उद्दंड है तरसाओ न सजन इतनी भी रोम रोम हो रहा ज्वलन्त है। **- सुरेश वैष्णव**

ये दिसंबर का महीना और ये

ये दिसंबर का महीना और ये सर्द शाम महकते हुए दिन में जिंदगी की मिठास जी लेती हूं जब होता है दोस्तों के साथ जिंदादिली से जी लेती हूं जब होते है साथ तो चाय के बहाने ही सही कुछ किस्से बुन लेती हूं। **- रेनू शब्द मुखर**

QUIZ TIME

1) किसके द्वारा भक्ति आंदोलन को दक्षिण भारत से उत्तर भारत में लाया गया था?
2) किस महाद्वीप से विषुवत्त , कर्क तथा मकर रेखा होकर गुजरती है?
3) मूल संविधान में अनुसूचियों की संख्या कितनी है? (8 / 9 / 10)
4) मनुष्य में लगभग कितने प्रकार के अवशेषी अंग पाए जाते है?
5) जब भारतीय न्यायिक पद्वति में लोकहित का मुकदमा लाया गया था, उस समय सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) रामानन्द (2) अफ्रीका (3) 8 (4) 100 (5) पी एन भगवती

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1271- कुवलय खां ने अपने साम्राज्य का नाम युवान रखा जो मंगोलिया और चीन में फैला हुआ था। 1398- तैमूरलंग ने सुल्तान नुसरत शाह को हराकर दिल्ली पर कब्जा किया। 1787- न्यूजर्सी अमेरिकी संविधान को स्वीकार करने वाला तीसरा राज्य बना। 1833- रूस का राष्ट्रीय गान 'गॉड सेव द जार' पहली बार गाया गया। 1878- सोवियत यूनियन को महाशक्ति में बदलने वाले नेता जोसेफ स्टालिन का जन्म हुआ। 1897- भोजपुरी कलाकार, संगीतकार और सामाजिक कार्यकर्ता भिखारी ठाकुर का जन्म हुआ। 1956- जापान ने संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता ग्रहण की। 1969- इंगलैंड में मृत्युदंड की सज़ा समाप्त की गई। 1960- नयी दिल्ली में राष्ट्रीय संग्रहाल का शुभारंभ। 2005- कनाडा में गृह युद्ध की शुरुआत। 2006- मलेशिया में बाढ़ से कम से कम 118 लोगों की मौत तथा चार से लाख से अधिक लोग बेघर। 2006- संयुक्त अरब अमीरात में पहली बार चुनाव। 2014- रॉकेट जीएसएलवी मार्क-3 को अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया गया। 2015- ब्रिटेन के कोयला खादान केलिंगले केलियरी को बंद किया गया 2017- राष्ट्रमंडल कुश्ती चैंपियनशिप में भारत ने 30 में से 29 स्वर्ण पदक जीते। 2019- तिहाड़ जेल प्रशासन ने निर्भया मामले के दोषियों को सात दिनों के भीतर दया याचिका दाखिल करने के लिए नोटिस जारी किया। 2019- अंग्रेजी में कथेतर गद्य लेखन के लिए कांग्रेस नेता शशि थरूर और हिन्दी के लिए नंदकिशोर आचार्य को साहित्य अकादमी पुरस्कार देने की घोषणा।

छत्तीसगढ़ मॉडल : परम्परागत व्यवसायों और आस्था के केन्द्रों का हो रहा विकास

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कृषि और इससे जुड़े व्यवसाय के लिए सामाजिक ताना-बाना आज भी माकूल है। राज्य में खेती-किसानी लोगों की जीवन चर्या पर अभिन्न अंग है। यह न केवल उनकी आजीविका का स्रोत है, बल्कि उनकी ग्रामीण संस्कृति से भी जुड़ी है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का भी काम कर रही है। छत्तीसगढ़ के लोगों में अपनी संस्कृति पर गर्व की भावना जगाने के लिए छत्तीसगढ़ के तीज-त्यौहारों पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की गई है। वहीं वनांचल में रहने वाले आदिवासी लोगों की संस्कृति को सहेजने और संवारने का भी काम कर रही है। राज्य सरकार द्वारा आदिवासी समुदाय के आस्था स्थल देवगुड़ी का विकास किया जा रहा है। वहीं इन वर्गों के युवाओं के लिए घोटुल का भी निर्माण किया जा रहा है। आदिवासी क्षेत्रों में विकास को व्यवस्थित और उनकी अपेक्षाओं के अनुरूप बनाने के लिए आदिवासी क्षेत्र विकास प्राधिकरणों का गठन कर उन्हें पहले से अधिक अधिकार दिए गए हैं।

राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण संस्कृति में खेती-किसानी को मजबूत बनाने के लिए जहां सुराजी गांव योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना संचालित की जा रही है। इससे राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों आर्थिक क्रियाकलापों को और अधिक गति देने के लिए ग्रामीण कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड, छत्तीसगढ़ लौहशिल्प विकास बोर्ड, छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार बोर्ड और छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड का गठन किया है।

छत्तीगसढ़ परंपरागत रूप से तेल पेराई, लोहारी, चर्मशिल्प और रजककार का काम करने वाले लोगों की सामाजिक-आर्थिक उन्नति में इन बोर्डों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इन बोर्डों को इन वर्गों से जुड़े लोगों को रोजगार के साथ-साथ उनके परंपरागत धंधों को आधुनिक बनाने की जवाबदारी सौंपी गई। नवगठित बोर्डों के जरिए परंपरागत कुटीर उद्योगों से जुड़े लोगों के लिए नवीन योजनाएं भी संचालित की जाएंगी तथा इनके व्यवसाय और व्यापार को बढ़ाने के लिए बैंक ऋण एवं अनुदान योजनाएं संचालित होंगी। राज्य सरकार द्वारा इन नवीन बोर्डों के गठन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है तथा इन बोर्डों को ग्रामीण शिल्पियों की उन्नति के लिए कार्ययोजना तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड के लिए 10 लाख रूपए की राशि का प्रावधान किया गया है।

खेती-किसानी में काम आने वाले औजारों के उत्पादन को बढ़ावा देने तथा स्थानीय लोहारों की कार्य कुशलता तथा उनके उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ लौह शिल्पकार विकास बोर्ड काम करेगा। यह बोर्ड लौह शिल्पकार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्वरोजगार स्थापित करने में भी मदद करेगा। वित्तीय वर्ष 2021-22 में छत्तीसगढ़ लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के लिए 10 लाख रूपए की राशि का प्रावधान किया गया है। चर्म शिल्प के शिल्पियों को आधुनिक तौर-तरीके से उत्पादन करने के लिए प्रशिक्षण और नवीनतम तकनीक की मशीने उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें स्वरोजगार स्थापित करने के लिए छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड मदद करेगा। राज्य सरकार द्वारा इस बोर्ड के लिए वित्तीय वर्ष 2021-22 में 10 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। रजककारों को आधुनिक लाउंड्री की स्थापना तथा इसके संचालन में मदद के लिए छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड का गठन किया गया है। यह बोर्ड रजककार समुदाय की बेहतरी के लिए काम करेगा तथा इन समुदाय से जुड़े युवाओं को स्वरोजगार के लिए बैंक ऋण एवं अनुदान दिलाने में सहायता करेगा। राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 में 10 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है।

आदिवासी संस्कृति के संरक्षण और विकास के लिए आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में उनके पूजा एवं श्रद्धा स्थलों-देवगुड़ी के निर्माण और मरम्मत के लिए प्रदान की जाने वाली राशियों में 5 गुना की वृद्धि की है। वर्ष 2017-18 से प्रति देवगुड़ी निर्माण के लिए एक लाख रूपए की राशि उपलब्ध कराई जा रही थी। राज्य शासन द्वारा इसमें वृद्धि कर प्रति देवगुड़ी निर्माण के लिए 5 लाख रूपए का अनुदान दिया जा रहा है। इसके साथ ही अबूझमाड़िया जनजाति समुदायों में प्रचलित घोटुल प्रथा को संरक्षित रखने के लिए भी विशेष प्रयास किया गया है। विगत तीन वर्षों में एक हजार 176 देवगुड़ी निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। वर्ष 2021-22 में 164 देवगुड़ी के लिए 164.20 लाख रूपए का आबंटन जिलों को उपलब्ध कराया गया है।

24 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी अवधेश मिश्रा की बाबुल

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी फिल्म निर्माता रत्नाकर कुमार और निर्देशक-अभिनेता अवधेश मिश्रा की आने वाली फिल्म बाबुल 24 दिसंबर को रिलीज होगी। वर्ल्डवाइड चैनल के बैनर तले बनी फ़िल्म बाबुल का फर्स्ट लुक हाल ही में रिलीज किया गया था। यह फिल्म 24 दिसंबर से संपूर्ण भारत मे प्रदर्शन के लिये तैयार है। रिलीज की घोषणा के साथ वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें बाप और बेटियों के बीच के प्यार को दर्शाया गया है। फिल्म बाबुल के निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा कि फिल्म बाबुल को अवधेश मिश्रा ने जिस तरह से लिखा और पिक्चराइज़ किया है, वो वास्तव में प्रशंसा के काबिल है। अवधेश मिश्रा ने इसका बखूबी निर्देशन किया है और प्रभावी अदाकारी भी की है। फिल्म की कहानी बहुत ही मार्मिक है जो भोजपुरिया दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देगी और एक सन्देश भी देगी।

आलिया भट्ट की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' का बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में होगा वर्ल्ड प्रीमियर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' का बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में वर्ल्ड प्रीमियर होगा।

संजय लीला भंसाली की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी का वर्ल्ड प्रीमियर 72वें बर्लिन अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में किया जाएगा। यह फिल्म अगले साल फरवरी में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। गंगूबाई काठियावाड़ी में आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में हैं, जबकि अजय देवगन फिल्म में कैमियो कर रहे हैं।

संजय लीला भंसाली ने कहा कि गंगूबाई काठियावाड़ी की कहानी मेरे दिल के बहुत करीब रही है और इस सपने को पूरा करने के लिए हमारी टीम ने भरपूर कोशिश की है। प्रतिष्ठित बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में फिल्म का जाना गर्व की बात है।



अमिताभ बच्चन की फिल्म शराबी के रीमेक में काम करना चाहते हैं धनुष

मुंबई (वार्ता)। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार धनुष बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की फिल्म शराबी के रीमेक में काम करना चाहते हैं। धनुष इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'अतरंगी रे' को लेकर चर्चा में हैं। धनुष ने अमिताभ बच्चन के साथ 'शमिताभ' में काम किया है। धनुष, अमिताभ की एक फिल्म के रीमेक में काम करना चाहते हैं।

धनुष ने कहा, मैं अमित जी की फिल्म 'शराबी' का रीमेक करना चाहता हूं। वह एक बेहद चैलेंजिंग किरदार है और मैं यह चैलेंज लेना चाहता हूं। मैं दिलचस्प कहानियां ढूढ़ रहा हूं और अलग-अलग जॉनर की फिल्में करना चाहता हूं।÷ धनुष की 'अतरंगी रे' 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। अतरंगी रे में धनुष के अलावा अक्षय कुमार और सारा अली खान की भी अहम भूमिका है।

न्यूज गैलरी

कीमती धातुओं में लौटी तेजी

मुंबई (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमती धातुओं में आयी तेजी के बल पर आज घरेलू बाजार में इनमें तेजी रही। सोना 270रुपये प्रति दस ग्राम और चाँदी 1197 रुपये प्रति किलोग्राम उछल गयी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हाजिर 0.51 प्रतिशत चढ़कर 1786.10 डॉलर प्रति औंस पर और अमेरिकी सोना वायदा 1.18 प्रतिशत उठकर 1783.40डॉलर प्रति औंस पर रहा। इस दौरान चाँदी हाजिर 0.50 प्रतिशत बढ़कर 22.16 डॉलर प्रति औंस बोली गयी। घरेलू स्तर पर देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में सोना 270 रुपये बढ़कर 48357 रुपये प्रति 10 ग्राम और सोना मिनी 232 रुपये की बढ़त लेकर 48150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। इस दौरान चाँदी 1197 रुपये की उछाल लेकर 61405 रुपये प्रति किलोग्राम पर और चाँदी मिनी 1153 रुपये की तेजी लेकर 61688 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी।

रुपया 23 पैसे चढ़ा

मुंबई (वार्ता)। वैश्विक स्तर पर डॉलर में रही सुस्ती के बीच घरेलू स्तर पर शेयर बाजार में गिरावट पर रोक लगने के बल पर अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में आज रुपया 23 पैसे चढ़कर 76.09 रुपये प्रति डॉलर पर रहा। पिछले सत्र के रुपया 76.32 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। रुपया आज 76.31रुपये प्रति डॉलर पर खुला और यही इसका निचला स्तर भी रहा। इस दौरान डॉलर की बिकवाली होने के दबाव में यह 76.06 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर तक चढ़ा।

शिक्षा पर राज्यों को त्वरित कार्रवाई की जरूरत : रिपोर्ट

नई दिल्ली (वार्ता)। शिक्षा तक पहुंच एक ऐसा मुद्दा है जिस पर राज्यों को त्वरित कार्रवाई करने की आवश्यकता बतायी गयी क्योंकि बड़े राज्यों जैसे राजस्थान (25.67), गुजरात (22.28) और बिहार (18.23) का प्रदर्शन औसत से काफी नीचे है।



प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ने भारत में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता की स्थिति पर रिपोर्ट जारी की है जिसमें यह बात कही गयी है। इसमें कहा गया है कि पूर्वोत?तर राज्यों को उनके बेहतर प्रदर्शन के चलते उच्चतम अंक प्राप्त हुए हैं। इसमें कहा गश है कि राज्यों ने विशेष रूप से शासन में खराब प्रदर्शन किया है, क्योंकि आधे से अधिक राज्यों के अंक राष्ट्रीय औसत 28.05 से भी नीचे है, जो सभी आधारों में सबसे कम है। ये आधार-वार विश्लेषण राज्यों को शिक्षा की स्थिति में सुधार के लिए आवश्यक बजट संबंधित उपायों और कदमों की स्थिति का आकलन करने में सहायता करते हैं और उनके विकास में बाधा उत्पन्न करने वाले मौजूदा खाई की पहचान करते हैं। इसमें कहा गया है कि कुछ राज्य खास पहलुओं में दूसरों के लिए रोल मॉडल के रूप में काम कर सकते हैं, लेकिन उन्हें भी अपनी चुनौतियों का समाधान करते हुए अन्य राज्यों से सीखने की जरूरत है।यह बात न केवल अच्छा प्रदर्शन करने वालों के लिए बल्कि खराब प्रदर्शन करने वाले राज्यों पर भी लागू होता है। उदाहरण के लिए, छोटे राज्य में केरल का सबसे अच्छा प्रदर्शन है, लेकिन यह कुछ कम अंक वाले राज्यों से भी सीख सकता है, जैसे कि आंध्र प्रदेश (38.50), जिसका शिक्षा तक पहुंच के मामले में केरल (36.55) से बेहतर प्रदर्शन है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) ने भारत में बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता की स्थिति पर रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट को इंस्टीट्यूट फॉर कंपिटिटिवनेस ने तैयार किया है। इसमें एक बच्चे के समग्र विकास में शिक्षा के शुरुआती वर्षों के महत्व को रेखांकित किया गया है। इसके आगे यह रिपोर्ट सुनियोजित प्रारंभिक हस्तक्षेपों जैसे कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) और निपुण भारत के दिशा-निर्देशों की भूमिका को भी रेखांकित करता है, जिससे दीर्घावधि के लिए बेहतर शिक्षण परिणाम प्राप्त होते हैं।

शुरुआती बचपन की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच सभी बच्चों का एक मौलिक अधिकार है।

ससेक्स ने रिजवान के साथ पहली और राशिद के साथ चौथी बार किया करार

लंदन (वार्ता)। इंग्लैंड के काउंटी क्रिकेट क्लब ससेक्स की ओर से दो शानदार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान और अफगानिस्तान के राशिद खान के साथ 2022 सीजन के लिए करार किया गया है। इस बीच पूर्व कप्तान बेन ब्राउन को उनके अनुरोध पर रिलीज कर दिया गया है।

पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज रिजवान का जहां यह क्लब के साथ पहला अनुबंध है, वहीं राशिद को चौथी बार साइन किया गया है। राशिद को पहली बार 2018 में साइन किया गया था। रिजवान अगले साल अप्रैल की शुरुआत से उपलब्ध होंगे और काउंटी चैंपियनशिप और टी-20 ब्लास्ट में हिस्सा लेंगे, जबकि राशिद टी-20 ब्लास्ट में ही नजर आएंगे। क्लब ने इसकी पुष्टि की है। मोहम्मद रिजवान और ट्रैविस हेड के साथ राशिद 2022 सीजन के लिए क्लब के तीसरे विदेशी खिलाड़ी होंगे, हालांकि इनमें से केवल दो खिलाड़ी के ही प्लेइंग इलेवन (एकादश) का हिस्सा होने की उम्मीद है।

ससेक्स के टी-20 कोच जेम्स कीर्तिले ने एक बयान में कहा, ÷ राशिद टी-20 क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ हैं और हम सच में उन्हें टीम में पाने के लिए भाग्यशाली हैं। यह जानकर बहुत अच्छा लगा कि हमने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टी-20 स्पिनर के साथ लंबे समय तक बना रहना वाला संबंध बनाया है। हमें उनकी पावरहिटिंग बल्लेबाजी को भूलना नहीं चाहिए जो हमने पिछले साल यॉर्कशायर के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में देखी थी।

गिरावट पर लगा ब्रेक, सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त में

मुंबई (वार्ता)। वैश्विक बाजार से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर कारोबार के अंतिम समय में आईटी , टेक, एनर्जी, धातु और सीडी समूहों में हुयी लिवाली के बल पर शेयर बाजार चार दिनों की गिरावट से उबरने में सफल रहा और सेंसेक्स 113 अंक तथा निफ्टी 27 अंकों की बढ़त हासिल कर सका। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 113.11 अंकों की बढ़त के साथ 57901.14 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 27 अंकों की तेजी के साथ 17248.40 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों में जहां अंतिम समय में लिवाली हुयी वहीं छोटी और मझौली कंपनियों पर बिकवाली का दबाव रहा जिससे बीएसई का मिडकैप 0.70 प्रतिशत टूटकर 25150.46 अंक पर और स्मॉलकैप 0.65 प्रतिशत की गिरावट लेकर 29055.74 अंक पर रहा।

बीएसई में शामिल समूहों में से आईटी 1.25 प्रतिशत, एनर्जी 1.03 प्रतिशत, टेक 0.96 प्रतिशत, सीडी 0.46 प्रतिशत और तेल एवं गैस 0.23 प्रतिशत की बढ़त में रहा। इस दौरान गिरावट में रहने वालों में पावर 1.11 प्रतिशत के साथ सबसे अिंधिक नुकसान उठाने वाला समूह रहा।

पोको इंडिया ने फ्लिपकार्ट पर अपनी सी सीरीज़ के लिए 3 मिलियन की रिकॉर्ड सेल्स दर्ज की

रायपुर (नव प्रदेश)। भारत के तीसरे सबसे बड़े ऑनलाईन स्मार्टफोन ब्रांड, पोको ने आज घोषणा करके बताया कि कंपनी ने देश में अपने लॉन्च के बाद फ्लिपकार्ट पर अपनी पोको सी सीरीज़ की 3 मिलियन से ज्यादा यूनिटें बेच दी हैं। पोको सी3 और पोको सी31 10,000 रु. से कम के मूल्यवर्ग में बाजार में अपना वर्चस्व बनाए हुए हैं। इन दोनों स्मार्टफोंस को उपभोक्ताओं से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है।पोको सी31 में ट्रिपल कैमरा सेटअप, मीडियाटेक हीलियो जी35 ऑक्टा-कोर प्रोसेसर, 5000एमएएच की बैटरी एवं 6.53 हाई डेफिनिशन डिस्प्ले है, जो लंबे समय तक शानदार अनुभव देता है। पोको के खास डिज़ाईन और बेहतरीन विशेषताओं के साथ पोको सी31 उन लोगों के लिए एक बेहतरीन उपहार है, जो अपने प्रियजनों के लिए अपने बजट में बहुत किफायती मूल्य में बेहतरीन परफॉर्मर चाहते हैं। कंटेंट के सुगम अनुभव से लेकर बजट में गेमिंग परफॉर्मेंस तक, पोको सी सीरीज़ हर मामले में एक ऑल-राउंडर पैकेज है। ग्राहक ये किफायती स्मार्टफोन 8,499 रु. के शुरुआती मूल्य में फ्लिपकार्ट से खरीद सकते हैं।

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, जोन क्र. 7
मुख्य डाकघर के सामने, पुराना मुख्यालय जयस्तंभ चौक रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 232/2021-2022
वार्ड का नाम- स्वामी आत्मानंद-39

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वामी आत्मानंद 39 वार्ड स्थित भवन/भूमि/ 39/498 का भाग (शाप नं. 107 समता आर्किड) जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती निर्मला अग्रवाल पति महेश अग्रवाल के नाम से दर्ज है, जिसको श्री नरेन्द्र किशोर अग्रवाल पिता राधेश्याम अग्रवाल ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, जोन क्र. 7
मुख्य डाकघर के सामने, पुराना मुख्यालय जयस्तंभ चौक रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 228/2021-2022
वार्ड का नाम- पं. ईश्वरीचरण शुक्ल-22

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. ईश्वरीचरण शुक्ल 22 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 22/नया RPR569F00142 जो कि निगम अभिलेख में श्री धीरेन्द्र कुमार पिता स्व. बिन्देश्वरी प्रसाद सिन्हा के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती ज्योती मारिया प्रमिला पति डा. दीपक हेरॉल्ड डिसूजा ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 370/2021-22
वार्ड का नाम- वीरसावरकर नगर-1

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वीर सावरकर नगर स्थित मकान/ भूमि ईडब्ल्यूएस-688 कि निगम अभिलेख में श्री रविन्द्र कुमार सिंह s/o नागेश्वर सिंह के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती अर्चना मिश्र w/o संतोष कुमार मिश्र ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 371/2021-22
वार्ड का नाम- डा. एपीजे अ. कलाम-19

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डा. एपीजे कलाम स्थित मकान/ भूमि RPR802A00854 कि निगम अभिलेख में श्रीमती रत्नमाला धनराज पति धनराज सहारे के नाम से दर्ज है, जिसको श्री सागर कुमार शाहरे (शाहारे) s/o धनराज शाहरे ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 369/2021-22
वार्ड का नाम- डा. एपीजे अ. कलाम-19

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डा. एपीजे कलाम स्थित मकान/ भूमि RPR802A00854 कि निगम अभिलेख में श्री सुखुराम साहू s/o अंकालू राम साहू के नाम से दर्ज है, जिसको श्री राजाराम साहू s/o स्व. सुखुराम साहू ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आह्यह्यवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 259/21-22
वार्ड का नाम- कालीमाता-11

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि काालीमाता-11 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 11/5-5/ए राजीव नगर (RPR330B00030) जो कि निगम अभिलेख में श्री कल्याण दास कुकरेजा पिता दानुमल कुकरेजा के नाम से दर्ज है, जिसको श्री श्याम केसवानी पिता लक्ष्मण दास केसवानी रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 17/12/2021
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा, तहसील धमधा, जिला दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202111100500078
अ-20 (1)/2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर की अधिसूचना दिनांक 28.09.2019 के द्वारा छ.ग. नगरीय क्षेत्रों की भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदान किया जाना) अधिनियम की धारा 5 'क' के अंतर्गत अवैध/अनियमित पट्टा हस्तांतरण की नियमितीकरण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

उक्त निर्देशों के पालन में नगर पालिका परिषद कुम्हारी सीमा क्षेत्र में शिविर लगाकर अवैध/ अनियमित पट्टा हस्तांतरण के नियमितीकरण हेतु आवेदन प्राप्त किए गए आवेदक/ आवेदिका अशोक सारथी पिता गन्नू सारथी वार्ड-12 डंगनिया कुम्हारी पालिका परिषद कुम्हारी द्वारा पट्टे की भूमि के नियमितीकरण हेतु आवेदन पेश किया है पट्टे का विवरण निम्नानुसार है -

पट्टेदार का नाम/पिता/पति का नाम- पुरूषोत्तम शर्मा आ. कोमल प्रसाद, **निवासी वार्ड क्र. एवं नाम** डंगनिया तालाबपारा वार्ड-12 कुम्हारी **क्षेत्रफल** 288 वर्गफीट।

उक्त प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु अ.वि.अ. राजस्व धमधा से इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 17.12.2021 तक पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.12.21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 02.12.2021
सुनवाई 17.12.21
सील
नायब तहसीलदार
अहिवारा

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर डंगनिया रायपुर में निर्मित 75 एमआईजी योजना के अंतर्गत भवनों/भूखंडों में से भवन/भूखंड क्र.-एमआईजी-580 सेक्टर-2 में श्रीमती रमावती कुंवर पति स्व. श्री गुप्तेश्वर नाथ कंवर को स्ववित्तीय/ एकमुश्त आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 21.03.2002 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन/भूखंड के दान हेतु दिनांक 03.12.2021 को निष्पादित दान इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन/भूखंड श्रीमती दुर्गावती शर्मा पति श्री हेमंत शर्मा के नाम से दान करने के लिए दान अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के दान के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाये
शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र अंजोरा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

साहीवाल पशु नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र अंजोरा, जिला दुर्ग में दिनांक 29/12/2021 दिन बुधवार को सुबह 10 बजे से साहीवाल पशुओं को नीलाम किया जावेगा। समस्त इच्छुक पशुपालकों को नीलामी में बोली लगाकर पशु क्रय करने हेतु आमंत्रित किया जाता है।

नीलामी में बोली लगाने वाले को रुपए 500 की धरोहर राशि जमा करनी होगी, जो नीलामी समाप्त होने पर वापिस की जावेगी। नियम, शर्तें एवं विस्तृत जानकारी उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाये, शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र अंजोरा जिला दुर्ग से संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

नीलामी में सम्मिलित होने वाले प्रतिभागियों को मास्क लगाना, सोशल डिस्टेसिंग का पालन करना एवं शासन द्वारा कोविड-19 से बचाव हेतु जारी दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।

टीप- नीलामी में सम्मिलित होने वाले प्रतिभागियों को निम्न दस्तावेजों की सत्यापित प्रति पंजीयन के समय जमा करना अनिवार्य है।

1. स्वयं का पहचान प्रमाण (आधार कार्ड/ वोटर आईडी/अन्य शासकीय पहचान पत्र)।
2. किसान क्रेडिट कार्ड/पशु व्यापारी पंजीयन प्रमाण पत्र/ गौशाला का पंजीयन प्रमाण पत्र। वर्तमान में स्वयं के पास उपलब्ध पशुधन विकास विभाग द्वारा INAPH में पंजीकृत पशुओं के टैग नंबर की निकटस्थ पशु चिकित्सा विभाग की संस्था से प्रमाणित जानकारी/ सरपंच अथवा पार्षद से पशु पालक होने का प्रमाण पत्र।

नीलामी में किसी प्रकार का विवाद होने पर नीलामी समिति का निर्णय अंतिम होगा। पंजीयन दिनांक 28/12/2021 को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक एवं नीलामी दिनांक 29/12/2021 को सुबह 9 बजे से किया जावेगा।

दूरभाष- 0788-2623414, 9425571866, 8839127921

जी-65934/3
उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें
शा.प.प्र.प्र. अंजोरा दुर्ग (छ.ग.)

खेल मैदान का व्यवसायिक उपयोग, छात्रों ने 9 घंटे एनएच में किया चक्काजाम

■ **एसडीएम व तहसीलदार के भी छूटे पसीने, रात 8 बजे बंद हुआ आंदोलन**

भटगांव/नवप्रदेश। नगर के श्री प्रेम भुवन प्रताप सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भटगांव के छात्रों ने खेल मैदान में नगर पंचायत द्वारा बनाये गए व्यवसायिक परिसर कॉम्लेक्स के विरोध में पूर्व में दो बार रैली तथा ज्ञापन सौंपा गया था फिर भी शासन-प्रशासन द्वारा छात्रों की बातों की अनसुना करने और किसी प्रकार से कार्यवाही सामने नहीं आने पर छात्रों ने 16 दिसंबर की सुबह 11 बजे से सारंगढ़, गिधौरी, बिर्रा मुख्यमार्ग में चक्का जाम कर दिया। जिससे 9 घंटे तक पूरा रोड जाम रहा। इससे आने-जाने वाले सभी वर्ग के लोगों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ा। वहीं छात्र संघ, समर्थन दे रहे व्यापारी संघ, किसान समिति संघ एवं नगर के गणमान्य नागरिकों को एसडीएम व तहसीलदार के 3 घंटे के बातचीत के बाद अधिकारीयों के निर्णय को मानकर चक्काजाम बंद करने को तैयार हुए जिसके बाद सभी छात्रों ने

चक्काजाम को बंद किया। छात्रसंघ के सदस्य, प्राचार्य, व्यापारी संघ के सदस्य, किसान समिति के सदस्य एवं गणमान्य आम नागरिकों ने एसडीएम एवं तहसीलदार के निर्णय को ध्यान में रखते हुए दुकान संबंधित प्रकरण को आयुक्त के फैसले तक एसडीएम व तहसीलदार के द्वारा सभी नवनिर्मित दुकानों को सीलबंद ताला लगाकर कार्रवाही करने एवं एसडीएम के नाम से मुख्य नगर पालिका अधिकारी के आवेदन को स्वीकार किये जिसके पश्चात सभी छात्रों ने रात्रि 8 बजे चक्काजाम को वहीं समाप्त किया। बता दें कि सीएमओ द्वारा पूर्व में दुकान संबंधित किये गए कार्यवाही को निरस्त करते हुए पुनः अनुविभागीय अधिकारी बिलाईगढ़ के नाम से आयुक्त न्यायालय रायपुर के फैसले तक दुकान परिसर सम्बंधित कोई भी कार्यवाही नहीं करने का आवेदन प्रस्तुत किया गया। स्कूल के 6वीं से 12वीं कक्षा तक के छात्रों ने सुबह 11 बजे से चक्काजाम कर दिया था जिसके बाद बिलाईगढ़ के सभी अधिकारी एवं पुलिस बल तैनात हो गए थे। समझाईस के बाद भी छात्रगण चक्काजाम बंद नहीं किये और रात्रि 8 बजे तक चक्काजाम जारी रखें थे। जब तक निर्णय नहीं हो जाता तब तक वे पूरी रात्रि तक चक्काजाम करने के लिये टेंट की व्यवस्था भी कर लिये थे और ठण्ड से बचने के लिये जगह जगह आग (अलगाव) की व्यवस्था कर लिया था। वहीं सभी अधिकारियों के समझाइस एवं फैसले के बाद छात्र संघ के सदस्यों ने आयुक्त न्यायालय रायपुर के फैसले के आते तक कोई भी धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम नहीं करने का निर्णय लिया।

शंकरपुर स्कूल में स्वास्थ्य बाल सहयोगी मित्र का चयन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। स्वास्थ्य के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल सहयोगी मित्र बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में गजानंद माधव मुक्तिबोध शंकरपुर हाई स्कूल में 3 बालक - बालिकाओं और हायर सेकेंडरी में 6 बालक-बालिकाओं को बाल सहयोगी मित्र बनाने चयन किया गया है। गौरतलब है कि बच्चों में कैंसर की भयावह समस्या को अवगत कराने के लिए यह जागरूकता अभियान शुरू की गई है, जिससे सभी विद्यार्थियों को रोगों से बचाव की जानकारी दी गई। मितानिन की भूमिका सराहनीय रही है। मितानिन शशीप्रभा ठाकुर, जामवंती सिंह, सरस्वती देवांगन, सुजाता बेलेकर, सुमन साहू, चमेली यादव, सकुंतला, गीता उपस्थित थी। सड़क दुर्घटना, नशा मुक्ति के बारे में भी जानकारी दी गई। मितानिन प्रशिक्षक पुनिता साहू और प्रभा यादव का भी योगदान सराहनीय रहा।

ग्राम-पंचायत मथानी कला में विकास कार्य का किया गया भूमिपूजन

कवर्धा। जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा एवं जनपद सदस्य प्रतिनिधि भुनेश्वर चन्द्राकर द्वारा कवर्धा जनपद अंतर्गत ग्राम-पंचायत मथानी कला में 1:50 लाख की राशि से निर्माण होने वाले नाली का भूमिपूजन एवं 4:00 लाख की राशि से पूर्ण हो चुके नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण साथ ही पेय जल की व्यवस्था के क्षेत्र में 2:50 लाख की लागत से संचालित होने वाले सोलर पम्प का भी राशि स्वीकृती प्रदान कर ग्रामीणों से किए गए चुनावी वादे पूरे किए गए इस अवसर पर ग्राम-पंचायत मथानी कला के सरपंच साहेब लाल, चैता चंद्रवंशी, थानू साहू, बंशी चंद्रवंशी, नारायण चंद्रवंशी, बलराम चंद्रवंशी, राजेश निषाद, लिल्लु, पिल्लु, फलित दानी राम चंद्रवंशी रोजगार सहायक ग्राम पंचायत सचिव रिखि राम चंद्रवंशी उपस्तिथ थे।

निधन

कुंती देवी राजपूत

बेमेतरा/धमधा/नवप्रदेश। धमधा ब्लाक के ग्राम भरनी निवासी कुंती देवी राजपूत का निधन 17 दिसंबर को हो गया। वे स्व. मधुसूदन सिंह राजपूत की पत्नी, स्व. जगमोहन सिंह राजपूत की बहु थी। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को ग्राम भरनी में ही किया गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। वे चंद्रशेखर सिंह, चंद्रकांत सिंह, रमन सिंह की माता, पुरुषोत्तम सिंह, बड़े बाबू, छोटे बाबू के चाची, पवन भुवाल, ललित भुवाल, संतोष भुवाल, सुन्ति देवी बनाफर की बड़ी बहन, महेशनारायण, ज्ञानेश्वर, सिद्धार्थ, शक्तिसिंह, दीपक भुवाल की बुआ, मिथिलेश सिंह, कमलेश सिंह, अखिलेश सिंह, सुरेश सिंह बनाफर, अलका ठाकुर की बड़ी मां थीं।

सखी वन स्टाप ने विक्षिप्त महिला का रेस्क्यू कर भेजा अस्पताल

बेमेतरा/नवप्रदेश। विकासखंड बेरला के ग्राम सरदा के आंगनबाड़ी सुपरवाइजर सविता सिंह के द्वारा 16 नवम्बर को फोन के माध्यम से सूचना दिया कि एक विक्षिप्त महिला करीब तीन दिन से आंगनबाड़ी में घुसकर रहती है छत में जाकर सो जाती है। सूचना के आधार पर प्रभारी के निर्देश पर सखी स्टॉप द्वारा ग्राम सरदा जाकर पीड़ित महिला जो मानसिक रूप से विक्षिप्त है रेस्क्यू कर सखी लाया गया और आश्रय में रखा गया। चिकित्सा 17 नवम्बर को पीड़ित महिला का कोरोना टेस्ट व शारीरिक डॉक्टरी परीक्षण सखी स्टॉप द्वारा जिला हॉस्पिटल बेमेतरा में ले जाकर करवाया गया। उस महिला से उसके घर का पता और परिवार के बारे में पूछताछ किया गया तब उसने अपना नाम सुनिता किसान पति फु लवंत (वकील) ग्राम कालोनी टोला जिला सिवनी रहना बताई।

आवेदिका के बताये पते पर जानकारी लिया गया, सखी बालाघाट, सखी सिवनी, सिटी कोतवाली उमरिया थाना चौकी में आवेदिका के बारे में पूछा गया तो कुछ समय पश्चात् बताया गया की इस नाम से कोई महिला नहीं है तथा ना ही कालोनी टोला नाम का कोई ग्राम सिवनी जिला में नहीं आता है। आश्रय- रेस्क्यू के पश्चात् आवेदिका को 16 नवम्बर से 23 नवम्बर 2021 तक सखी वन स्टाप द्वारा में आश्रय प्रदान किया गया। पुलिस सहायता-22 नवम्बर 2021 को पीड़ित महिला (विक्षिप्त) को सेंदरी मनोरोगी हास्पिटल बिलासपुर ले जाने के लिए सिटी कोतवाली बेमेतरा से पुलिस सहायता लिया गया। न्यायालय-22 नवम्बर 2021 को पीड़ित महिला (विक्षिप्त) को सेंदरी बिलासपुर भेजने हेतु जिला न्यायालय में सीजीएम कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया सीजीएम कोर्ट के आदेशानुसार उक्त महिला का 23 नवम्बर 2021 को सेंदरी बिलासपुर सखी स्टॉप व सिटी कोतवाली बेमेतरा की सहायता से छोड़ा गया। 26 नवम्बर 2021 को विक्षिप्त महिला को सेंदरी बिलासपुर छोड़ने के पश्चात् सखी स्टाप में प्रकरण को निराकृत किया गया। (विक्षिप्त) महिला का ईलाज सही से चल रहा है की नही, इसके बारे में सेंदरी बिलासपुर में फोन लगाकर जानकारी लिया गया, अभी उसकी तबियत में सुधार हो रही है।

बंगोली में स्वास्थ्य एवं आयुर्वेदिक शिविर संपन्न

खरोरा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत बंगोली में आयोजक जिला आयुर्वेदिक अधिकारी रायपुर तथा प्रायोजक संचालनालय आयुष रायपुर एवं शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय खौना ब्लॉक तिल्दा जिला रायपुर के सौजन्य से शिविर आयोजन किया गया। इस शिविर में निशुल्क पंजीयन काढा, व औषधि वितरण एवं चिकित्सा परामर्श की सुविधा के साथ संबंधित डॉक्टर उपस्थित रहे। निःशुल्क शिविर में ग्राम बंगोली के अलावा कुर्रा, धनसूली, मुरा सहित अन्य ग्रामों की महिलाओं व पुरुषों ने उपचार, औषधि चिकित्सा सलाह प्राप्त किया। शिविर में ग्राम पंचायत बंगोली के सरपंच झुमुक राम बांधे, वरिष्ठ नागरिक नरोत्तम शर्मा, डॉ गणेश दास मानिकपुरी, कोटवार जनक राम साहू, किरण वर्मा, वंदना बैरागी व पूर्व सरपंच, दुर्गा वर्मा, स्वास्थ्य विभाग से डॉ निर्मला कोडाप शिविर प्रभारी डॉ सालिक वर्मा, डॉ सागर, दया शरण ठाकुर, रामाधार वर्मा एवं विष्णु प्रसाद यादव फ र्मासिस्ट तथा वरिष्ठ धनेश्वर यादव पीटीइस खौना का प्रमुख योगदान रहा।

तनाव दूर करने क्रिकेट का आयोजन, एसपी ने भी लगाए चौके छक्के

बालोद/नवप्रदेश। लगातार ड्यूटी से तनाव व थकावट होना स्वभाविक है। ऐसे में पुलिस वाले ज्यादा तनाव महसूस ना करें उनके जीवन में भी खुशियां हो। इस बात को ध्यान में रखते हुए इन दिनों बालोद जिला पुलिस प्रशासन रोचक गतिविधियों का भी सहारा ले रही है। इस क्रम में खेल को भी एक अच्छा जरिया बनाया गया है और तनाव दूर करने के लिए पुलिस वालों के बीच क्रिकेट भी खिलाया जा रहा है। एक दूसरे को नहीं बल्कि तनाव को हराने के लिए क्रिकेट खेला गया। यह अनूठा आयोजन रक्षित केंद्र बालोद में हुआ। जिसमें पुलिस के जवानों व अधिकारियों के साथ-साथ एसपी सदानंद कुमार, एएसपी डीआर पोर्ते ने भी चौके छक्के लगाए। जवानों में इस खेल से काफी उत्साह देखा गया और इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जो क्रिकेट के शौकीन होते हैं वे बल्लेबाजी और गेंदबाजी कर अपने शौक पूरे किए तो वहीं अपने पुराने दिन भी याद किए। अपने सीनियर को आउट करने, उनका कैच लेने तो सीनियर्स की बॉलिंग पर चौका छक्का लगाने का पल यादगार रहा। आयोजन की जवानों ने काफ ी सराहना की व समय-समय पर इस तरह के आयोजन होने की अपेक्षा की। ज्ञात हो कि नए डीजीपी ने भी इस दिशा में लगातार सभी एसपी को निर्देशित किया है कि पुलिस के जवानों को ज्यादा तनाव ना दिया जाए। तनाव रहित ड्यूटी करें। उन्हें समय पर छुट्टी भी दी जाए। रोटेशन के हिसाब से वीकली ऑफ दिया जाए तो वहीं तनाव से बचाए रखने के लिए उनके लिए विविध आयोजन भी किया जाए।

विधायक प्रतिनिधि ने किया वार्ड 3 में नाली निर्माण का भूमिपूजन

साजा/नवप्रदेश। नगर के वार्ड 3 में विधायक प्रतिनिधि मनोज जायसवाल द्वारा 5 लाख के लागत से वार्ड 4 देवांगन दुकान से वार्ड 3 भरतपुर मोड़ ईश्वरी निर्मलकर के घर तक नाली निर्माण का भूमिपूजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से नगर पंचायत पार्षद अवधेश गोयल, दिनेश साहू, नारद साहू, एल्डरमैन बंटी जैन, ईश्वरीय निर्मलकर, विप्लव गौरहा उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस, टुकेश देशमुख, थानेश्वर साहू, सुशील निर्मलकर, केके साहू, नगर पंचायत सीएमओ, इंजीनियरिंग व कर्मचारीगण, ठेकेदार गोविंद सिन्हा अन्य वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

मृतक किसान के आत्महत्या की जांच कर रही पुलिस

■ **गिरदावरी के आधार पर ही धान बिक्री हेतु हुआ था पंजीयन**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छुरिया विकासखंड के ग्राम करेगांव के कृषक सुरेश कुमार द्वारा आत्महत्या किए जाने के संबंध में पुलिस जांच कर रही है। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय स्तर पर जांच कराई गई, जांच में यह पाया गया कि मृतक के धान के रकबे एवं पंजीयन में किसी प्रकार की त्रुटि नहीं हुई थी। पुलिस द्वारा आत्महत्या की जांच की जा रही है। मृतक के पास से कोई सोसाईड नोट आदि प्राप्त नहीं हुआ है। उल्लेखनीय है कि मृतक का गिरदावरी के आधार पर ही धान बिक्री के लिए पंजीयन किया गया था। जिले में रकबा को लेकर कोई समस्या नहीं है। धान खरीदी के लिए किसानों की सुविधा हेतु जिला प्रशासन द्वारा हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। गिरदावरी के अनुसार मृतक के संयुक्त खाते की भूमि रकबा 1.538 हेक्टेयर में से रकबा 0.825 हेक्टेयर पर धान बोया गया है जिसके अनुसार रकबा 0.825 हेक्टेयर का पूर्ण पंजीयन हुआ है। मृतक द्वारा धान बिक्री हेतु टोकन नहीं कटाया गया था, धान बिक्री होने पर मृतक को 76 हजार 415 रूपए मिलता।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

छोटे-बड़े सबको साधने...

रियल एस्टेट कारोबारियों और बड़े बिल्डर्स ने छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों का लक्षित कर रखा है। उस पर भी प्राइम लोकेशन्स में तो यह निगाहें विशेषकर रहती हैं। इसके अलावा सरकारी प्रोजेक्ट के समानांतर प्रोजेक्ट लाने के लिए बड़ा खेल होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

वालफोर्ट की ...

इसी तरह क्या इन क्षेत्रों में सरकारी प्रोजेक्ट भी हैं। वालफोर्ट के प्रोजेक्ट पहले से हैं या सरकारी प्रोजेक्ट के आने के बाद अस्तित्व में आए। यह खासा अहम है। इसी तरह जहां प्लाट हैं, या कहें प्लाट डेवलप किए गए। वह जमीन पहले कृषि भूमि रही, आसपास सरकार कोई नई योजनाएं लाने की तैयारी में रही। आशय यह है कि जमीन की खरीदी वालफोर्ट ने कब की और उस समय जमीन की कीमतें क्या रहीं। इसमें अलग-अलग पहलू और टाइमिंग अहम है। पड़ताल के बाद इसकी विशेषज्ञों की राय के साथ पाठकों को इन बारीकियों से अवगत कराने की कोशिशें नवप्रदेश करता रहेगा।

क्रेडाई के ...

रियल एस्टेट कारोबारियों और बड़े बिल्डर्स ने छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहरों का लक्षित कर रखा है। उस पर भी प्राइम लोकेशन्स में तो यह निगाहें विशेषकर रहती हैं। इसके अलावा सरकारी प्रोजेक्ट के समानांतर प्रोजेक्ट लाने के लिए बड़ा खेल होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

यूपी में 200 जातीय...

दलित वोटों की लामबंदी की रणनीति में इन्हें अहम मानती रही है।

उत्तर प्रदेश की दलित आबादी में इनकी हिस्सेदारी 14 फीसदी बताई जाती है और पूर्वांचल के गोरखपुर जैसे जिलों में इनकी अच्छी खासी आबादी है। कहा जाता है कि सूबे की करीब 150 सीटों पर इनका दखल है। दरअसल भाजपा ने 2017 में छोटे दलों के साथ गठबंधन की रणनीति अपनाई थी और इसके तहत उसे बड़ी सफ्लता मिली थी। लेकिन इस बार सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने उसका साथ छोड़ दिया है और ओपी राजभर ने सपा के साथ जाने का फैसला लिया है। उनकी भरपाई भाजपा दूसरे राजभर नेताओं को प्रमोट करके कर रही है।

तीन साल पूरे होने ...

काल के 3 साल पूरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने वही कदम उठाया है जो सबसे ज्यादा श्रेयस्कर है। यही कारण है कि प्रदेश की जनता खुशहाल है और विकास की बयार लगातार दिखाई दे रही है। भाजपा के आरोप पर सीएम ने कहा कि उनके पास कोई मुद्दा नहीं है यही कारण है कि भाजपा लगातार अनर्गल आरोप लगा रही है। सीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ को लगातार भारत सरकार पुरस्कार दे रही है। स्वच्छता में हैट्रिक के साथ अन्य कई पुरस्कार से छत्तीसगढ़ को नवाजा गया है। उसके बावजूद भी केंद्र और भाजपा के द्वारा राज्य सरकार पर आरोप लगा रही है जो समझ से परे है।

एमएसपी का मुद्दा ...

2020 में सिंघू, टिकरी और गाजीपुर सीमाओं पर शुरू हुए और पिछले सप्ताह समाप्त हुए विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व किया।

सपा, बसपा और ...

को बांटने का आरोप लगाते हुये शुक्रवार को कहा कि इन दलों ने समाज में वैमनुष्यता पैदा कर अपने पारिवारिक हितों की पूर्ति की।

शाह ने उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और निषाद पार्टी की लखनऊ में आयोजित संयुक्त रैली को संबोधित करते हुये कहा कि इससे पहले प्रदेश में जो भी सरकारें रही, सपा या बसपा, उन्होंने सर्फि अपने काम किये। कभी निषाद समाज का काम नहीं किया, गरीबों का कोई काम नहीं किया।

यहां स्थित रमाबाई अंबेडकर मैदान में आयोजित 'सरकार बनाओ अधिकार पाओ' रैली में शाह के अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तर प्रदेश में चुनाव के लिये भाजपा के प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, निषाद पार्टी के अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं दिनेश शर्मा ने भी शिरकत की।

शाह ने भारत की सामाजिक समरसता में निषाद समाज के पौराणिक महत्व का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि श्रीरामचरित मानस में भगवान तुलसीदास जी ने कहा था कि जब प्रभु श्रीराम और माता सीता को भूमि पर सोते देखा तो निषाद राज जी की आंखों से आंसुओं की धारा बहने लगी थी। उन्होंने कहा कि सपा बसपा और कांग्रेस जैसे दलों ने निषादों के सम्मान को कोई महत्व ही नहीं दिया।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम- छ.रा.वि.मं. की उत्तरवर्ती कंपनी)
कार्यालय- कार्यपालन यंत्री (सं./सं.) संभाग भाटापारा

क्र. 10-20/10-25/सामा./ भाटापारा, दिनांक 17/12/2021

// आवश्यक सूचना //

नयी 4.5 किमी. 33 केव्ही लाईन जो कि सिमगा विकासखण्ड के ग्राम झिरिया उपकेन्द्र से निकलकर सिमगा हथबंद रोड के किनारे-किनारे झिरिया-केसदा होते हुए रिंगनी तक मेसर्स ए.पी.एल. अपोलो बिल्डिंग प्रोडक्ट प्रा.लि. 33 के.व्ही. उच्चदाब कनेक्शन हेतु खींची गई है। उक्त लाईन को उर्जीकृत किए जाने हेतु विद्युत अधिनियम के तहत सभी औपचारिकता एवं अनुमोदन सक्षम अधिकारी से प्राप्त हो गई है। उक्त लाईन को दिनांक 20.12.2021 दिन सोमवार या उसके बाद कभी भी उर्जीकृत किया जा सकता है।

अतः समस्त जन साधारण से निवेदन है कि दिनांक 20.12.2021 के बाद उक्त लाईन के आसपास या नीचे सुरक्षित दूरी बनाकर चले एवं कार्य करें अन्यथा की स्थिति में विद्युत दुर्घटना होने से जन-घन की हानि हो सकती है। जिसके जिम्मेदारी स्वयं की होगी। सो सूचना जाने।

1. स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचावें।
2. समयावधि में देयक का भुगतान करें, लाईन विच्छेदन से बचें।

(जी.पी. अनंत)
कार्यपालन अभियंता (सं./सं.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं. लिमिटेड भाटापारा
कर्मचारी क्रमांक 05331110

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्र. 44/लो.क.वि./न.पा.नि./जोन क्र. 2/2021 रायपुर, दिनांक 16/12/2021

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्न प्रस्तावित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति में कम/अधिक दर एस.ओ.आर. में लिफाफा ''अ'' में सीलबंद निविदाएं तथा लिफाफा ''ब'' में एफ.डी.आर. आमंत्रित की जाती है। इस हेतु कोरा निविदा प्रपत्र दिनांक 06.01.2022 को संध्या 4.00 बजे तक निर्धारित राशि जमा कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 10.01.2022 को संध्या 4.00 बजे तक पंजीकृत डाक से जोन क्रमांक -02 में जमा किया जाएगा। प्राप्त समस्त निविदाएं उसी दिवस को संध्या 5.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निर्धारित अवधि में यदि किसी दिन अवकाश होता है तो उल्लेखित कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर संपन्न की जावेगी।
कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का विवरण	आगणित राशि	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	एस.ओ.आर.	समयावधि	निविदा प्रपत्र
1	शहीद हेमू कालाणी वार्ड क्र. 28 अंतर्गत देवेन्द्र नगर आवासीय परिसर में सी.सी. रोड, नाली गार्डन मरम्मत कार्य एवं नाली कवर निर्माण कार्य।	1458000=00	11000=00	750=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे उपर	लो.नि.वि. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015	04 माह	अ
2	शहीद हेमू कालाणी वार्ड क्र. 28 अंतर्गत देवेन्द्र नगर आवासीय परिसर में सार्वजनिक भवन निर्माण कार्य।	1206000=00	10000=00	750=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे उपर	लो.नि.वि. भवन SOR 1.1.2015 नॉन एस.ओ.आर.	04 माह	अ
3	शहीद हेमू कालाणी वार्ड क्र. 28 अंतर्गत देवेन्द्र नगर आवासीय परिसर में बैडमिंटन कोर्ट का नवीनीकरण कार्य।	1200000=00	9000=00	750=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे उपर	लो.नि.वि. भवन SOR 1.1.2015 नॉन एस.ओ.आर.	04 माह	अ
4	शहीद हेमू कालाणी वार्ड क्र. 28 अंतर्गत देवेन्द्र नगर शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय (सिंधी कालेज) में पेवर ब्लाक कार्य।	1136000=00	9000=00	750=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे उपर	लो.नि.वि. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015	04 माह	अ
5	इंदिरा गांधी वार्ड क्र. 27 अंतर्गत जोरापारा में पूर्व निर्मित सामुदायिक भवन के अतिरिक्त कार्य हेतु।	790000=00	6000=00	750=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे उपर	लो.नि.वि. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015	04 माह	अ
6	शहीद हेमू कालाणी वार्ड क्र. 28 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में सी.सी. नाली एवं कव्हर निर्माण कार्य।	643000=00	5000=00	750=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे उपर	लो.नि.वि. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015	03 माह	अ
7	शहीद हेमू कालाणी वार्ड क्र. 28 अंतर्गत देवेन्द्र नगर सेक्टर 02 में आर.सी.सी. नाली एवं कव्हर निर्माण कार्य।	531000=00	4000=00	750=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे उपर	लो.नि.वि. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015	03 माह	अ
8	शहीद हेमू कालाणी वार्ड क्र. 28 अंतर्गत गार्बेज एरिया का सौन्दर्यीकरण कार्य।	386000=00	4000=00	750=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे उपर	लो.नि.वि. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2012	02 माह	अ
9	जोन क्र. 02 अंतर्गत राजीव गांधी वार्ड क्र. 13, रमण मंदिर वार्ड क्र. 14, इंदिरा गांधी वार्ड क्र. 17, हेमू कालाणी वार्ड क्र. 28 में पाईप लाईन लिकेज मरम्मत कार्य।	384000=00	4000=00	750=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे उपर	लो.स्वा.यां. वि. एस.ओ.आर. 01.06.2020	02 माह	अ
10	रमण मंदिर वार्ड क्र. 14 अंतर्गत स्टेट बैंक कालोनी स्थित बाल उद्यान का मरम्मत एवं पेंटिंग कार्य।	191000=00	2000=00	300=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे उपर	लो.नि.वि. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015	01 माह	अ
11	जोन अंतर्गत स्थापित मोटर पंप में स्टॉटर एवं पेनल बोर्ड लगाने का कार्य	96000=00	2000=00	300=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे उपर	लो.स्वा.यां. वि. एस.ओ.आर. 01.06.2020	01 माह	अ
12	इंदिरा गांधी वार्ड क्र. 27 अंतर्गत मागलापारा में 50 एम.एम. जी.आई. पाईप लाईन मरम्मत कार्य।	94000=00	2000=00	300=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे उपर	लो.स्वा.यां. वि. एस.ओ.आर. 01.06.2020	15 दिवस	अ
13	शहीद हेमू कालाणी वार्ड क्र. 28 अंतर्गत देवेन्द्र नगर शासकीय आवासीय कालोनी में 50 एम. एम. जी.आई. पाईप एवं सुलूस वाल्व संधारण कार्य।	90000=00	2000=00	300=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे उपर	लो.स्वा.यां. वि. एस.ओ.आर. 01.06.2020	15 दिवस	अ
14	रमण मंदिर वार्ड क्र. 14 अंतर्गत चूनाभट्ठी में 50 एम.एम. जी.आई. पाईप लाईन का मरम्मत कार्य।	89000=00	2000=00	300=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे उपर	लो.स्वा.यां. वि. एस.ओ.आर. 01.06.2020	15 दिवस	अ
15	गोधन न्याय योजना सेंटर (गोठान) में पानी टंकी सह मोटर पंप स्थापना कार्य।	75000=00	2000=00	300=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे उपर	लो.नि.वि. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015, लो.स्वा.यां. वि. एस.ओ.आर. 01.06.2020	15 दिवस	अ

1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक अमानती राशि एफ.डी.आर. के रूप में स्वीकार की जाएगी। अमानती राशि की एफडीआर की मूल प्रति जमा करना अनिवार्य होगा। छायाप्रति संलग्न करने पर निविदा की प्रक्रिया से सीधे उम्मीदवारी निरस्त कर दिया जावेगा।
2. सक्षम बैंक सालवेंसी, पंजीयन कापी, आईटीआर क्लीयरेंस प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, जीएसटी की फोटो कापी स्वप्रमाणित आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
3. 100 रुपए के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र नोटरी द्वारा सत्यापन सहित प्रस्तुत करना होगा।
4. ठेकेदार/सप्लायर्स के द्वारा अंतिम भुगतान से पूर्व जीएसटी विभाग से बकाया न होने संबंधी प्रमाण पत्र (Tax Clearance Certificate) अथवा पूर्ण देय कर जमा किए जाने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।
5. अंतिम भुगतान या धरोहर राशि की विमुक्ति के पूर्व, देय कर का शासकीय कोष में जमा कराए जाने का सत्यापन कराया जाना होगा।
6. ठेका कार्य सिर्फ जीवित GST पंजीयन धारक को प्रदाय किया जावेगा। अन्यथा नगर निगम, रायपुर द्वारा ठेका निरस्त कर दिया जावेगा।
7. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम रायपुर के पास सुरक्षित है।
8. निविदा प्रपत्र हेतु सक्षम श्रेणी में लो.नि.वि. छ.ग. शासन से पंजीकृत ठेकेदार ही आवेदन कर सकेंगे।
9. निविदा संबंधी अन्य शर्तें एवं जानकारियां कार्यालय अवधि/दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

जोन आयुक्त
जोन क्र. 02
नगर पालिक निगम, रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

55 हजार से अधिक बारदाना खपत, हजारों क्विंटल सूखत को लेकर बवाल

देवभोग/नवप्रदेश। दीवानमुड़ा समिति पर खराब धान को सूखत से बचाने के लिए धान पलटी के नाम पर समिति द्वारा निर्धारित बारदाना के अलावा पीडीएस से 20 हजार मिलर्स से 20 हजार और बाजार से 10 हजार बारदाना खरीदा गया, लेकिन फील्ड पर ना खराब धान है और ना ही बारदाना। मतलब दीवानमुंडा समिति द्वारा शासन को धान के साथ-साथ हजारों बारदाना का भी नुकसान पहुंचाया है। 93 लाख 40 हजार की 5 हजार से अधिक क्विंटल धान का खराब होना संदेहापद है। क्योंकि संग्रहण केंद्र पर साल भर से ज्यादा दिनों तक धान रखने के बाद भी 3 से साढ़े तीन प्रतिशत सूखत आता है। लेकिन दीवानमुड़ा समिति पर महज 4 से 5 माह के भीतर 14 प्रतिशत का सूखत आना बड़े घोटाले की ओर इशारा करता है। हालांकि हजारों क्विंटल धान को खराब बताने के लिए मजबूती के साथ कागजी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। मगर धान खरीदी स्थल को देख सूखत या घोटाला का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

खरीदी के दौरान खराब धान लिया गया या फिर धान था ही नहीं और अगर खराब धान लिया गया होता तो वर्तमान फील्ड पर धान होनी चाहिए जो ना के बराबर है। ऐसे में हजारों क्विंटल की शॉर्टेज बता कर लाखों रुपए की बंदरबांट करने को लेकर और भी ज्यादा संभावना बन जाती है। सबसे चौंकाने वाली बात तो यह है कि दीवानमुड़ा समिति की तुलना ब्लॉक की किसी भी समिति में सूखत नहीं आया है। जबकि लगभग सभी उपार्जन केंद्र से धान का उठाव लेट से हुआ। बावजूद इसके सिर्फ दीवानमुड़ा समिति पर हजारों क्विंटल का धान खराब होना घोटाला के शंका को जन्म देता है। हालांकि समिति के जिम्मेदार हर वो कोशिश कर रहे हैं। जिससे 5 हजार क्विंटल धान को सूखत की श्रेणी में लाया जाए। कागजी दस्तावेज के आधार पर मुख्यालय सहित जिला के संबंधित भी सूखत मानकर जांच के लिए सामने नहीं आ रहे हैं। ऐसे में सूखत बताकर लाखों के हेरफेर को अंजाम तक पहुंचाने वाले जिम्मेदार कर्मचारी कार्यवाही की तलवार से काफी दूर है। हालांकि शासन स्तर पर सूखत की पूरी जानकारी लेते हुए कार्रवाई होने की बात भी कही जा रही है। वहीं इस संबंध में जब एसडीएम टीआर देवांगन से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि इसकी जांच फूड इंस्पेक्टर से कराई गई है, जिसमें 5 हजार क्विंटल शार्टेज पाया गया है जो कमीशन की राशि में समायोजन किया जाएगा।

15 दिनों में अवैध शराब के 51 मामले में 52 गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। नये पुलिस अधीक्षक के मिले कड़े निर्देश के बाद पूरे जिले की पुलिस टीम ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले वालों पर धरपकड़ कारवाही करते हुए इस दिसंबर माह में अब तक अवैध रूप से शराब का परिवहन करते हुए 52 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कुल 51 प्रकरणों में 344.135 लीटर, कीमती 1,34,360 का शराब जप्त करने में भी सफलता प्राप्त की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा पदभार ग्रहण करते ही समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को स्पष्ट हिदायत दिया गया है कि जिले में किसी भी प्रकार से अवैध रूप से शराब का परिवहन नहीं होना चाहिए। साथ ही अवैध रूप से शराब बिक्री के काम में संलिप्त लोगों की पहचान कर वैधानिक कार्यवाही करने हेतु भी निर्देशित किया गया है। इसके तारतम्य में 1 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक जिले में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले लोगों पर आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए कुल 51 प्रकरण दर्ज कर किया गया है जिसमें कुल 52 लोगों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया है। सिटी कोतवाली में 08 प्रकरण, थाना भाटापारा शहर में 08, सिमगा में 07 पलारी में 07, सुहेला में 07, कसडोल में 04, भटगांव में 03, सरसीवा में 01, बिलाईगढ़ में 04, गिधौरी में 01 एवं भाटापारा ग्रामीण में 01 प्रकरण दर्ज किया गया है।

ग्रामीण युवती ने जिला खेल प्रतियोगिता में लहराया जीत का परचम

देवभोग/नवप्रदेश। विकासखंड के गांव गांव की लड़कियां अब सामाजिक और मानसिक बेड़ियों को तोड़कर जिला स्तरीय खेल पर जीत का परचम लहराते हुए संभाग स्तर पर चयन हो रही है। जिला युवा महोत्सव में शामिल प्रमिला बघेल ने 800 मीटर दौड़ पर फिंगेश्वर गरियाबंद छुरा मैनपुर के युवतियों को पछड़ाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह रैले रेस दौड़ में नंदनी यदु ने प्रथम स्थान पर काबिज किया तो वही उर्मिला माझी प्रमिला बघेल सुनीता ने रेले रेस में जीत हासिल किया। बीते बुधवार को जिला स्तरीय महिला खेल एवं युवा महोत्सव गरियाबंद के खेल मैदान पर आयोजित किया गया। जिसमें देवभोग कन्या शाला सीना पाली और शासकीय महाविद्यालय के 60 छात्र छात्राओं ने कबड्डी, खो-खो सहित तरह तरह के खेल में भाग लिया। और कई खेलों में शानदार प्रदर्शन कर अतिथियों के बीच अपना प्रतिभा का जौहर दिखाया। इसके अलावा कॉलेज के युवतियों ने लोकप्रिय सुआ नित्य मैं धमाल मचाते हुए दूसरा स्थान प्राप्त कर राजिम विधायक अमितेश शुक्ला और जिला अफसरों से सील्ड इनाम प्राप्त किया गया। जिला स्तर से जीत कर लौटी प्रमिला और नंदिनी यदु का स्कूल छात्र छात्राओं के अलावा शिक्षकों ने पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत भी किया। मौके पर विकासखंड खेल प्रभारी दुर्गेश तांडिल्य शिक्षक दयानिधि यादव सागर गुप्ता मौजूद रहे इस बीच दुर्गेश ने बताया की दौड़ में जीत हासिल की युवतियों को संभाग के खेल प्रतियोगिता में चयन किया गया है। और आगे खेल में प्रदर्शन देख राज्य स्तर पर चयन किया जाएगा। ताकि गांव गांव की युवतियां अपना प्रतिभा को सामने लाएं और खेल के माध्यम से अपना भविष्य भी तय कर सके हालांकि इसके लिए क्रीडा विभाग लगातार प्रतिभान छात्र-छात्राओं से संपर्क साधते हुए खेल महोत्सव ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में पूरा पूरा मौका दिया जा रहा है। शायद यहीं वजह कि आज कोने कोने की युवतियां जिला स्तर पर अपना परचम लहरा रही है ।और इसी तरह खेल में जोहर दिखाएं इसके लिए खेल विभाग द्वारा हर तरीके से युवक-युवतियों के लिए सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है।

जाति प्रमाण पत्र बनवाने तहसील कार्यालय का चक्कर काट रहे लोग

कवर्धा/नवप्रदेश। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने आरोप लगाया है कि कवर्धा व बोड़ला में जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोगों को तहसील कार्यालय का चक्कर काटना पड़ रहा है। उन्होंने प्रसाशन से सवाल करते हुए कहा कि क्या कारण है जिससे जाति प्रमाण पत्र नहीं बनाया जा रहा है? छत्तीसगढ़ सरकार ने 19 जुलाई को छत्तीसगढ़ के सभी कलेक्टरों को आदेश जारी किया था जिसमें साफ कहा गया है कि जाति को प्रमाणित करने के लिए कोई दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध ना हो तो ग्रामसभा द्वारा आवेदक की जाति के संबंध में पारित संकल्प को ही आधार माना जाए। नगर पंचायत, नगर पालिका अथवा सामान्य सभा द्वारा की गई उद्घोषणा को जाति तथा मूल निवास के संबंध में उसे ही मान्य कर उसके आधार पर नियमानुसार सक्षम अधिकारी द्वारा जाति-प्रमाण जारी किया जाए। इसके बावजूद जनता को दर-दर भटकना पड़ रहा है। वही जिला उपाध्यक्ष आफताब राजा ने कहा कि जाति-प्रमाण पत्र नहीं बनने की समस्या जिला का मुख्य मुद्दा बन चुका है। अफसरों के तानाशाही रवैये से लोग परेशान हैं। छत्तीसगढ़ सरकार के फरमान को अनदेखा कर जनता को अधिकारी अपने गोल-मटोल बातो में उलझये हुए हैं। सरल तरीके से जल्द जाति-प्रमाण पत्र बनाया जाए और नहीं बनाये जाने का कारण तहसीलदार व एसडीएम लिखित में दें। नही तो जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य है। अपर कलेक्टर को इस समस्या से रूबरू करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश सचिव लक्ष्मीचंद जैन सहित शहर महासचिव रूपेश यादव, हेमचंद साहू, प्रदीप, नीलेश सोनी, लाला श्रीवास सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

परेवा एवं परवीडीह के बीच जंगल पहाड़ी में नक्सली सामान बरामद

जिला पुलिस बल, डीआरजी एवं आईटीबीपी की संयुक्त कार्यवाही

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिला पुलिस बल, डीआरजी एवं आईटीबीपी की संयुक्त पार्टी थाना मोहला, मानपुर, कोहका, कैम्प भोजटोला, पानाबरस क्षेत्र में आक्रमक नक्सल विरोधी अभियान संचालित किये जा रहे है। इसी कड़ी में 16 दिसंबर को डीसी जगमोहन सिंह, 44वीं वाहिनी आईटीबीपी टेक मुख्यालय मोहला कैम्प भोजटोला के नेतृत्व में जिला पुलिस बल एवं आईटीबीपी की संयुक्त पार्टी मरदेल, मुदियाल, परेवा जंगल, परवीडीह जंगल, हिडकोटोला, मिस्त्री, मडियानवाडवी, कैम्प पानाबरस से निरीक्षक खयाली राम के नेतृत्व में जिला पुलिस बल एवं आईटीबीपी की संयुक्त पार्टी केटवा डोगर, सुडियाल, जंगलटोला, परवीडीह जंगल, रामगढ़, भैसबोड तथा थाना कोहका से एसी निरीक्षक रीपन चंद के नेतृत्व में जिला पुलिस बल एवं आईटीबीपी की संयुक्त पार्टी कोराचा, बुकमरका, संबलपुर, पुगदा, उचापुर, तेरेगांव की ओर सर्चिंग हेतु निकली थी। कैम्प भोजटोला से निकली पार्टी ऑपरेशन प्लान अनुसार सर्चिंग करते आगे बढ़ रही थी कि परेवा एवं परवीडीह के जंगल में नक्सली सामान 51 एमएम मोटार सेल-08 नग, बट प्लेट-02 नग, डेटोनेटर-01 नग, 12 बोर खाली खोखा-02 नग, चाकू 4 नग, वायर 1, रि-कॉल स्प्रिंग-2, बैटरी-3, बैटरी चेकर 1, रायफल पोच-03, वर्दी 12 नग, बैटरी चार्जर 2, जैकेट, 6 नग, जुता 1 जोडी, बैंग 23 नग, चाय पत्ती 4 पाकिट, चावल 30 किलो, नक्सल साहित्य 10 एवं दैनिक उपयोग सामान बरामद किया गया। उपरोक्त अभियान में जिला पुलिस बलए डीआरजी एवं आईटीबीपी के अधिकारी एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

13 सटोरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, 45 हजार रुपए जब्त

भाटापारा/नवप्रदेश। नये पुलिस अधीक्षक के आते ही पूरे जिले में विभिन्न थानों क्षेत्रो की पुलिस ने अलग-अलग प्रकरणों में 13 सट्टेबाजों को गिरफ्तार कर सट्टा-पट्टी एवं नगदी कुल 45,950 रुपए जब्त कर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है। जिले में एक साथ थाना कसडोल, भाटापारा ग्रामीण, पलारी एवं चौकी लवन क्षेत्र में हुई ताबड़तोड़ कार्रवाई से सटोरिये भी सकते में आ गए हैं। नवपदस्थ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा द्वारा पदभार ग्रहण करते ही अपराध समीक्षा बैठक लेकर कहा गया था कि सट्टा एवं जुआ एक खुशहाल परिवार को उजाड़ बना देता है, इस पर पूर्णतया रोक लगाना पुलिस की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को क्षेत्र अंतर्गत जुआ एवं सट्टे का संचालन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके परिपालन में 15 एवं 16 दिसंम्बर को भाटपारा ग्रामीण, चौकी लवन, थाना कसडोल, पलारी क्षेत्र अंतर्गत 13 सट्टेबाजों को गिरफ्तार कर धारा 4 (क) जुआ एक्ट एवं पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही की है। उपरोक्त कार्रवाई में आरोपियों से सट्टा पट्टी एवं नकदी रकम 45,950 रुपए जब्त कर भुवनेश्वर बघेल ग्राम जुड़ा चौकी लवन, राकेश धृतलहरे ग्राम तिल्दा चौकी लवन, धर्मेंद्र धींवर कसडोल, परदेसी साहू कसडोल, पूरन साहू कसडोल, पोतराम यादव कसडोल, महिपत साहू कसडोल, माखन बघेल ग्राम रोहासी थाना पलारी, रमेश पटेल मुड़पार थाना पलारी, दिलेश्वर भारती ग्राम गातापार थाना पलारी, राम कुमार साहू मुड़पार थाना पलारी, संजय साहू ग्राम तरेंगा थाना भाटापारा ग्रामीण और नरसिंह देवांगन ग्राम तरेंगा थाना भाटापारा ग्रामीण को पकड़कर उन सभी के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही की है।

किसानों को जरूरत के अनुसार बारदाना उपलब्ध कराया जा रहा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। धान खरीदी केन्द्रों में धान बेचने पहुंच रहे किसानों को जरूरत के मुताबिक बारदाना उपलब्ध कराया जा रहा है। ऐसे किसान जो स्वयं के बारदाने में धान भरकर बेचने के लिए ला रहे हैं उन्हें शासन के निर्देशानुसार प्रति बारदाना 25 रूपए का अतिरिक्त भुगतान किया जा रहा है। शासन-प्रशासन द्वारा धान खरीदी के लिए की गई चाक-चौबंद व्यवस्था और किसानों के सहयोग से जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का काम सुचारू रूप से चल रहा है। जिले में किसी भी सहकारी समिति द्वारा किसानों को वर्मी कंपोस्ट या वर्मी सुपर खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जा रहा है। जो किसान इन्हें खरीदना चाह रहे हैं, उन्हें ही यह दिया जा रहा है। वर्मी कंपोस्ट और वर्मी सुपर रासायनिक खाद का अच्छा विकल्प है। जैविक खेती करने वाले अनेक किसान अपने खेतों में इसका उपयोग कर रहे हैं। इसके उपयोग से मृदा स्वास्थ्य लंबे समय तक अच्छा बना रहता है। यह पर्यावरण और मिट्टी की सेहत के अनुकूल है।

शासकीय कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय में मानवाधिकार दिवस संपन्न

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासकीय कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय में मानव अधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. सुमन सिंह बघेल ने कहा कि दुनिया भर में 10 दिसंबर को मानव अधिकार दिवस मनाया जाता है। मानवाधिकारों की पहली वैश्विक घोषणा और राष्ट्र की पहली प्रमुख उपलब्धियों में से एक मानवधिकारों को सार्वभौम घोषणा की गई। 10 दिसंबर 1948 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के अंगीकरण और उद्घोषण का सम्मान करने के लिए तिथि का चयन किया गया था। सुश्री आबेदा बेगम राजनीति शास्त्र विभाग ने कहा कि मानवधिकार की औपचारिक स्थापना 4 दिसंबर 1950 को महासभा की 317वीं पूर्व बैठक में हुई। जय महासभा ने संकल्प 423 (5) की घोषणा की। मानवाधिकार के अनुच्छेदों का उल्लेख आबेदा बेगम ने किया। डॉ. सुषमा तिवारी कार्यक्रम संयोजिका ने कहा कि पर्यावरण अध्ययन एवं मानव अधिकार विषय के लिए यह दिवस को मनाये जाने का औचित्य स्पष्ट है।

डाटा एंट्री ऑपरेटर, वन क्षेत्र रक्षक की संयुक्त भर्ती परीक्षा कल

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यवसायिक शिक्षा मंडल द्वारा आगामी 19 दिसंबर रविवार को डाटा एंट्री ऑपरेटर, सहायक ग्रेड-03 और वन क्षेत्र रक्षक की संयुक्त भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। कलेक्टर रमेश शर्मा के मार्गदर्शन में संयुक्त भर्ती परीक्षा की आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। रविवार को दो पालियों में परीक्षा आयोजित होगी। प्रथम पाली का समय सुबह 9 से 12 बजकर 15 मिनट निर्धारित की गई है। इस प्रथम पाली में सहायक ग्रेड-03 और डाटा एंट्री ऑपरेटर की भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसमें 2245 परीक्षार्थी शामिल होंगे, इसके लिए 5 केन्द्र बनाए गए है। इसी प्रकार द्वितीय पाली का समय 2 बजे से 5 बजकर 15 मिनट तक निर्धारित है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग

E-mail :- durgmc2019@gmail.com Phone :- 0788-2322148

-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::-

क्रमांक/783/स्वा.वि./2020-21 दिनांक 13/12/2021

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों अथवा अनुभवी एन.जी.ओ./ महिला स्व-सहायता समूह से नीचे उल्लेखित कार्य हेतु आनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

क्र.	कार्य का नाम	लागत	निविदा जारी दिनांक
1.	निगम के स्वास्थ्य विभाग हेतु प्लेसमेंट मानव संसाधन प्रदान कार्य। (25 अकुशल स्वच्छता कमाण्डो) System No. 88628, Dated- 09.12.2021	रु. 34.10 लाख	09.12.2021 से 29.12.2021 खोलने की तिथि 31.12.2021

निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाइट www.municipalcorporationdurg.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, जोन क्र. 7

मुख्य डाकघर के सामने, पुराना मुख्यालय जयस्तंभ चौक रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 230/2021-2022
वार्ड का नाम- स्वामी आत्मानंद-39

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वामी आत्मानंद 39 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 39/ 1173 RPR715C00169 जो कि निगम अभिलेख में श्री शत्रुघन रिगरी पिता मिलऊ राम रिगरी के नाम से दर्ज है, जिसको सन एण्ड सन इन्फ्रामेट्रिक प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर संदीप शर्मा पिता मनोज शर्मा ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, जोन क्र. 7

मुख्य डाकघर के सामने, पुराना मुख्यालय जयस्तंभ चौक रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 231/2021-2022
वार्ड का नाम- स्वामी आत्मानंद-39

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वामी आत्मानंद 39 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 39/ 1171 RPR715C00168 जो कि निगम अभिलेख में श्री रामू रिगरी पिता मिलऊ राम रिगरी के नाम से दर्ज है, जिसको सन एण्ड सन इन्फ्रामेट्रिक प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर संदीप शर्मा पिता मनोज शर्मा ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, जोन क्र. 7

मुख्य डाकघर के सामने, पुराना मुख्यालय जयस्तंभ चौक रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 229/2021-2022
वार्ड का नाम- स्वामी आत्मानंद-39

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वामी आत्मानंद 39 वार्ड स्थित भवन/भूमि/ 39/ 1242 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती दिनेश, राज, उमेश, कौशिल्या साहू सभी पिता भुनेश्वर साहू वगै. के नाम से दर्ज है, जिसको सन एण्ड सन इन्फ्रामेट्रिक प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर संदीप शर्मा पिता मनोज शर्मा ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. वि/यां संभाग रायपुर छ.ग.

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- 5696/NIT-28/2021-2022/व ले लि दिनांक 09/12/2021

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
28 T0246	लो.नि.वि. (भ/स) उपसंभाग तिल्दा के अंतर्गत प्रस्तावित रोड साइड यूटिलिटी शिफ्टिंग (एल.टी. एवं एच.टी. लाइन) का कार्य प्रथम आमंत्रण	19.50
28 T0247	लो.नि.वि. (भ/स) उपसंभाग आरंग के अंतर्गत प्रस्तावित रोड साइड यूटिलिटी शिफ्टिंग (एल.टी. एवं एच.टी. लाइन) का कार्य प्रथम आमंत्रण	18.50
28 T0248	लो.नि.वि. (भ/स) उपसंभाग अभनपुर के अंतर्गत प्रस्तावित रोड साइड यूटिलिटी शिफ्टिंग (एल.टी. एवं एच.टी. लाइन) का कार्य प्रथम आमंत्रण	18.50
28 T0263	लो.नि.वि. वि/यां उपसंभाग कर्मशाला रायपुर के आयुर्वेदिक कालेज सेक्शन में विद्युतीकरण कार्य अंतर्गत यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य प्रथम आमंत्रण	19.50
28 T0264	लो.नि.वि. वि/यां उपसंभाग कर्मशाला रायपुर के संस्कृत कालेज सेक्शन में विद्युतीकरण कार्य अंतर्गत यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य प्रथम आमंत्रण	19.00
28 T0265	लो.नि.वि. वि/यां उपसंभाग कर्मशाला रायपुर के रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय सेक्शन में विद्युतीकरण कार्य अंतर्गत यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य प्रथम आमंत्रण	19.00
28 T0266	लो.नि.वि. वि/यां उपसंभाग कर्मशाला रायपुर के हीरापुर व कबीरनगर सेक्शन में विद्युतीकरण कार्य अंतर्गत यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य प्रथम आमंत्रण	19.00
28 T0267	लो.नि.वि. वि/यां उपसंभाग कर्मशाला रायपुर के हीरापुर रोड एवं गुढ़ियारी सेक्शन में विद्युतीकरण कार्य अंतर्गत यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य प्रथम आमंत्रण	18.50
28 T0268	Providing ammual maintenance and repairing work of Lift Machnes (09 Lift) installed at Block FA-15, 16,17 F1C-8, 12 of GAD Residential Building, Sector 27 Nawa Raipur (C.G.) (App Make-Thysenkrupp/Kone) प्रथम आमंत्रण	19.00
28 T0269	Providing ammual maintenance and repairing work of Lift Machnes (09 Lift) installed at Block F1C-16, 17,F2A-36, F3B 40 and 41 of GAD Residential Building, Sector 27 Nawa Raipur (C.G.) (App Make-Thysenkrupp/Kone) प्रथम आमंत्रण	19.00

नोट :- निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनांक 23/12/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

शर्तें:- 1) उपरोक्त कार्यों के आबंटन प्राप्त होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. वि./यां संभाग रायपुर छ.ग.

जी-65922/2

निर्माण में विलंब, इंजीनियर, रोजगार सहायक एवं सचिव को नोटिस जारी

■ **ग्रामीण विकास के कार्यों में लापरवाही एवं उदासीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिपं सीईओ लोकेश चंद्राकर ने जनपद पंचायत डोंगरगांव एवं छुरिया के ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत सालिकझिटिया के गौठान के निरीक्षण के दौरान गौठान में उपस्थित महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों से गोधन न्याय योजना अंतर्गत प्राप्त हो रहे लाभ एवं गोबर से निर्मित हो रहे वर्मी कंपोस्ट के विक्रय एवं मात्रा के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने भविष्य में होने वाले लाभ की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने गौठान को मल्टी एक्टिविटी सेंटर के रूप में तैयार किए जाने हेतु गौठान में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए योजना के सफ ल क्रियान्वयन हेतु निरंतर प्रयास किए जाने हेतु निर्देशित किया। 1 वर्ष पूर्व स्वीकृति प्रदान किए गए स्वसहायता समूह के गतिविधियों के लिए वर्कशेड के निर्माण में विलंब को देखते हुए रोजगार सहायक सचिव एवं तकनीकी सहायक इंजीनियर को कारण बताओ नोटिस जारी किया एवं तीन दिवस में जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया।

धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण

जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत दीवानभेड़ी के धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने किसानों से मिलकर धान के विक्रय के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं समिति प्रबंधकों को किसी भी किसान को धान विक्रय में असुविधा ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया। ग्राम पंचायत अमलीडीही का निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वसहायता समूह के माध्यम से मशरूम उत्पादन के कार्य को देखकर सराहना की। 5 लेयर में की जा रही बाड़ी के कार्य के बारे में जानकारी प्राप्त की साथ ही गोधन योजना अंतर्गत कार्यरत स्वसहायता समूह से लाभ एवं भविष्य की कार्य योजना के संबंध में चर्चा की गई।

तत्काल निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश

जनपद पंचायत डोंगरगांव एवं छुरिया में कार्यरत समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देशित किया कि किसी भी ग्राम पंचायत में ग्रामीण विकास के कार्यों की गति किसी भी स्थिति में धीमी ना हो एवं पूर्व स्वीकृत कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि भविष्य में उन पंचायतों को और अधिक से अधिक और कार्य स्वीकृति दिए जा सके। इसी प्रकार रोजगार गारंटी के कार्य हेतु किसी भी ग्राम पंचायत में मजदूरी मूलक कार्यों की कमी ना हो आने वाले 3 माह हेतु आज से ही अधिक से अधिक कार्यों को स्वीकृत करा कर कार्य करें जिससे कि अधिक से अधिक श्रमिकों को मनरेगा कार्यों में नियोजित किया जा सके।

लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त

सीईओ ने कहा कि कार्यों में लापरवाही एवं उदासीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पूर्व के कार्यों को पूर्ण न करने की स्थिति में संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगांव लेखराम चंद्रवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया प्रतीक प्रधान, सहायक परियोजना अधिकारी फैज मेमन एवं जनपद पंचायत डोंगरगांव एवं छुरिया के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

पंच पति पर तलवार से हमला, फरार आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

बिलासपुर/नवप्रदेश। गांव के सरपंच और अन्य लोगों के साथ बात कर रहे पंच पति पर पिता-पुत्र ने जानलेवा हमला कर दिया। तलवार से हुए हमले से पंच पति वहीं पर गिर गया। शिकायत मिलने पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। मामला हिर्री थाना क्षेत्र के ग्राम मुरु की है। ग्राम मुरू निवासी दुर्गेश सूर्यवंशी की पत्नी गांव की सरपंच है। गुरुवार की रात दुर्गेश गांव के सरपंच और अन्य लोगों के साथ खड़ा होकर बात कर रहा था। तभी गांव में रहने वाले भोला तिवारी उनके साथ गाली गलौज शुरू कर दिया। इसका विरोध करने पर भोला और उसके पुत्र शुभम तिवारी ने पंच के पति पर लाठियों पर से हमला कर दिया। इसी बीच शुभम अपने घर से तलवार लेकर आ गया। उसने पंच के पति पर तलवार से हमला कर दिया। युवक पर हुए जानलेवा हमले को देख वहां अफरा-तफरी मच गई। हमले में आहत पंच के पति मौके पर ही गिर गए। मारपीट की सूचना पर पहुंचे गांव के सरपंच आदित्य उपाध्याय ने किसी तरह बीच-बचाव किया। इसके बाद सरपंच और गांव के कोटवार ने आहत को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। मारपीट से आहत युवक ने घटना की शिकायत अजाक थाने में की है । इस पर पुलिस ने हत्या के प्रयास, एससी-एसटी एक्ट व आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस बीच पिता पुत्र गांव से फरार हो गए हैं। पुलिस आरोपित के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है ।

पूर्व सांसद पति ने की हदें पार, अश्लील तस्वीर भेजकर पत्नी को कर रहा परेशान

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में पूर्व सांसद व पति का विवाद थाने पहुंच गया है। दरअसल, पति-पत्नी के बीच झगड़ा होने के बाद दोनों अलग रहते हैं। उनका आरोप है कि अब उनके पति सोशल मीडिया में अश्लील तस्वीरें पोस्ट कर परेशान कर रहा है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर पति के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। मामला तारबाहर थाने का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर में रहने वाली पूर्व सांसद और उनके पति के बीच पिछले कई साल से विवाद चल रहा है। पति-पत्नी के रिश्ते में दरार आने के बाद दोनों अलग रहते हैं। ताजा मामला सोशल मीडिया में पूर्व महिला सांसद की अश्लील तस्वीर बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करने का है। आरोप है कि उनके पति इस तरह की ओछी हरकत कर रहा है। उन्होंने पुलिस को बताया कि फेसबुक में उनकी अश्लील तस्वीरें पोस्ट की जा रही है। तारबाहर पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वाहन चालक की लापरवाही से पिकअप पलटी, 20 लोग घायल

बिलासपुर/नवप्रदेश। छट्ठी कार्यक्रम से लौट रहे 20 लोगों से भरी पिकअप कोटा क्षेत्र के सल्का नवागांव के पास पलट गई। इससे पिकअप में सवार 20 लोगों को चोटे आई है। वहीं, तीन महिला समेत पांच लोगों की स्थिति गंभीर है। इन्हें सिम्स रेफर किया गया है। कोटा थाना प्रभारी दिनेश चंद्रा ने बताया कि बेलगहना क्षेत्र के कोंचरा में पटेल परिवार के यहां गुर्स्वार को छट्ठी का कार्याक्रम था। इसमें शामिल होने घुटकू में रहने राजकुमार का परिवार गया था। कार्यक्रम के बाद राजकुमार पटेल परिवार के करीब 20 सदस्यों के साथ वापस घुटकू लौट रहे थे। सल्का नवागांव के पास तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे पिकअप सवार पीतरबाई पटेल, रतनमति पटेल, राजकुमार पटेल, जमुना पटेल और अशोक पटेल समेत सभी को चोटे आई है। इनमें से पांचों घायलों को सिम्स रेफर किया गया है। वहीं, अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। घटना के बाद पिकअप सवार लोग सड़क से खेत तक छिंटक गए थे। घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मची थी। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 को दी। साथ ही घायलों की मदद की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। प्राथमिक उपचार के बाद कोटा थाना प्रभारी ने घायलों को उनके घर तक भेजने की व्यवस्था की। साथ ही गंभीर रूप से घायलों को पुलिस के वाहन से सिम्स तक पहुंचवाया। उन्होंने पिकअप सवार बच्चों को अस्पताल में तुरंत उपचार कराने की व्यवस्था कराई।

21 प्लेसमेंट कैम्प, विभिन्न पदों पर होगी भर्ती

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यार्थी जो, निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम कार्यालय परिसर में 21 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसमें टॉप कैरियर सर्विस, तात्यापारा, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, रायपुर द्वारा पद एकाऊटेंट के 10 पद (न्यून.शैक्ष.यो. स्नातक उत्तीर्ण, टेली कार्य एवं 1 वर्ष का कार्यानुभव, वेतन 10,000 रूपए प्र.मा, आयुसीमा 25 वर्ष), इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के 10 पद (न्यून.शैक्ष.यो. बीई/आईटीआई (इलेक्ट्रिकल ट्रेड) उत्तीर्ण, वेतन 9 हजार, प्र.मा., आयुसीमा 21 वर्ष),, सिक्यूरिटी गार्ड के 20 पद (न्यून.शैक्ष.यो. 10वीं कक्षा उत्तीर्ण, वेतन 9,000-12,000 रूपए प्र.मा., आयुसीमा 21 वर्ष), डिलीवरी ब्वॉय के 10 पद (न्यून.शैक्ष.यो. 10वीं कक्षा उत्तीर्ण, वेतन कमीशन आधार पर, आयुसीमा 21 वर्ष),वेटर हॉटल के 20 पद (न्यून.शैक्ष.यो. 8वीं कक्षा उत्तीर्ण, वेतन 6,000-8,000 रूपए प्र.मा., आयुसीमा 21 वर्ष), किचन हेल्पर के 10 पद (न्यून.शैक्ष.यो. 8वीं कक्षा उत्तीर्ण, वेतन 6,000 रूपए प्र.मा., आयुसीमा 21 वर्ष), ट्रक ड्राईवर के 20 पद (न्यून.शैक्ष.यो. 5वीं कक्षा उत्तीर्ण एवं 2 वर्ष का कार्यानुभव, वेतन 15,500 रूपए प्र.मा, आयुसीमा 25 वर्ष) पर भर्ती किया जाना है। ट्रक ड्राईवर के लिए कार्यक्षेत्र कोरबा जिला है तथा बाकी पदों हेतु कार्यक्षेत्र रायपुर जिला है। सिक्यूरिटी गार्ड के लिए चयनित अभ्यर्थी से वर्दी एवं कीट के लिए 2000 रूपए उपस्थिति तिथि को नियोजक द्वारा लिया जाएगा, जिसकी सूचना दी गई है। उल्लेखनीय है कि जिला रोजगार कार्यालय नियोजक (निजी संस्था) तथा आवेदक के मध्य एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है तथा यह नियुक्ति केवल निजी क्षेत्र के संस्थाओं में कार्य के लिए किया जाता है। पद, संस्था, कार्य व अन्य जानकारी कैम्प में उपस्थित नियोजक के प्रतिनिधि से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक अभ्यार्थी को अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थायी जाति व निवास प्रमाण पत्र, रोजगार पहचान पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, 2 पासपोर्ट साईज फोटो व अन्य प्रमाण पत्रों (जो पद हेतु आवश्यक हो) की मूलप्रति एवं छायाप्रतियों के साथ नियत समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जिला न्यायालय रोड, कवर्धा, जिला कबीरधाम में उपस्थित हो सकते है।

आईटीआई कोनी में कैम्पस का आयोजन 20 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कोनी बिलासपुर में 20 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से डिजिटल वेईंग सिस्टम लिमिटेड की ओर से विभिन्न व्यवसाय इंस्ट्रुमेंट मैकेनिक, इलेक्ट्रानिक्स, आईसीटीएसएम के लिए कैम्पस का आयोजन किया जा रहा है।



बालको की परियोजना 'नई किरण' से माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति आई जागरूकता

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने वर्ष 2019 से सार्थक जन विकास संस्थान के सहयोग से कोरबा जिले के गांवों एवं नगर पालिक निगम क्षेत्रों में माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता परियोजना लागू की है। सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित परियोजना के दायरे में लगभग 24000 महिलाएं और किशोरी बालिकाएं शामिल हैं।

इसका उद्देश्य महिलाओं और किशोरी बालिकाओं की माहवारी संबंधी विविध भ्रांतियों को दूर कर उन्हें स्वच्छता और स्वास्थ्य के अनेक आयामों से परिचित कराना है। परियोजना के अंतर्गत जी-9 समूह (सरपंच, मितानिन, पार्षद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्व सहायता समूह की क्लस्टर अध्यक्ष) का गठन किया गया है। इस समूह के सदस्य माहवारी संबंधी जागरूकता लक्षित नागरिकों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

परियोजना पर एक नजर

- 'नईकिरण' परियोजना के अंतर्गत बालको नगर में महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन बनाने का प्रशिक्षण देने के लिए बालको द्वारा एक इकाई स्थापित की गई है।
- महिलाओं और किशोरी बालिकाओं को माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबंधन के अनेक आयामों से परिचित कराने के लिए कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं।
- कार्यशालाओं का उद्देश्य ऐसे नेतृत्वकर्ताओं को विकसित करना है जिससे वे समुदाय में जाकर माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक कर सकें।
- कार्यशालाओं में प्रतिभागियों को विभिन्न अवस्थाओं में होने वाले शारीरिक परिवर्तनों, हार्मोन संबंधी बदलावों, विभिन्न बीमारियों से बचाव, पोषण आहार के महत्व आदि के महत्व से परिचित कराया जाता है।
- अभियान में बड़ी संख्या में महिलाएं आगे बढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही हैं।
- आने वाले समय में कोरबा जिले के 40 गांव 'नई किरण' परियोजना के अंतर्गत शामिल हो जाएंगे।